हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम 26.4 डिग्री

न्यूनतम 08.2 डिग्री

12 बीजेपी-आरएसएस ने डर दिखाकर 3 बार जीता चुनाव : भूपेश बघेल



13 सर्वांगीण विकास का प्लेटफार्म बनी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता





# दुर्ग जिले के 30 सहायक शिक्षक एलबी को प्रधान पाठक प्राथमिक का मिला पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले में सहायक शिक्षक एलबी का ई संवर्ग को पदोन्नति मिल गई है। सालों से पदोन्नति का बाट जोह रहे जिले के 30 सहायक शिक्षक एलबी अब प्रधानपाठक प्राथमिक के पद संभालेंगे। पदोन्नति मिलने के बाद उनका लेवल भी बल गया है। विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर सहायक शिक्षक (एल.बी) ई संवर्ग को प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4200 (लेवल 8) में पदोन्नति दी गई है।




### आज दिव्यांग प्रमाण पत्र पेश करें

" पदोन्नति के बाद काउंसलिंग से पदस्थापना होनी है। दिव्यांग शिक्षकों को पहली प्राथमिकता देना है। इसलिए वे अपने मेडिकल सर्टिफिकेट 23 दिसंबर को बीईओ की अनुशंसा के साथ जिला कार्यालय में जमा करेंगे। काउंसलिंग 26 दिसंबर को आयोजित होगी। -अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ

**सालों बाद पदोन्नति मिलने से लेबल आठ पर पहुंचे**

### इस तिथि की वरिष्ठता से सहायक शिक्षकों को मिली पदोन्नति

सहायक शिक्षक (एल.बी.) पद पर वरिष्ठता 1.7.2018 सहायक शिक्षक (पंचायत/न.नि.) के पद पर वरिष्ठता दिनांक 4.7.2008 (जन्मतिथि 11.12.1976) तक की वरिष्ठता वाले को पदोन्नति दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने आदेश में कहा है कि अंतर निकाय या अंतर जिला स्थानांतरण के कारण यदि किसी सहायक शिक्षक (एल.बी.) की वरिष्ठता उल्लेखित तिथि के बाद की हो तो इसकी जानकारी तत्काल इस कार्यालय में भेजी जाए।

### पदस्थापना के लिए 26 को होगी काउंसिलिंग

पदोन्नति के बाद पदस्थापना काउंसिलिंग से होगी। जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से जिला कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, दुर्ग (कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग परिसर) में प्रारंभ की जाएगी। काउंसलिंग हेतु प्राथमिकता क्रम सूची एवं रिक्त पद की सूची काउंसलिंग तिथि को काउंसलिंग शुरू होने के 2 घंटा पूर्व काउंसलिंग स्थल पर चस्पा किया जाएगा।

### दिव्यांग शिक्षकों को पहली प्राथमिकता

सहायक शिक्षक (एल.बी.) को पदोन्नति पश्चात पदांकन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाना है। जिसमें गंभीर बीमारी एवं दिव्यांगों को प्राथमिकता रहेगी। इस दायरे में आने वाले शिक्षकों को अपनी गंभीर बीमारी एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना है। जिसके आधार पर प्राथमिकता दिये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र (मय दस्तावेज) का परीक्षण कर पात्र होने पर अनुशंसा सहित प्रस्ताव इस कार्यालय के स्थापना कक्ष क्रमांक 3 कक्ष में 23 दिसंबर को शाम 4 बजे तक प्रस्तुत करना है।

**इन शिक्षकों को मिली पदोन्नति** : उपेश कामड़े प्रो. शास.प्रा.शाला काशीडीह खोपली, कल्याणी निषाद शासकीय.प्रा.शाला बिरेझर, विजयलक्ष्मी बघेल शासकीय प्राथमिक .शाला खाड़ा, सरिता जायसवाल शास.प्रा.शाला बाड़ीपारा पीसेगांव, करूणा वर्मा शास.प्रा.शाला संतोषीपारा भिलाई, स्वाती सेन शास.प्रा.शाला भोथली, इंदु सिंह शाला हनोदा, सतवंतीन बागरे शास.प्रा.शाला करसा, शास.प्रा.शाला डिड़गा निर्मला चन्दनिहा, शास.प्रा.शाला झोला डोमन लाल देवांगन ,शास.प्रा.शाला सेमरिया ललिता शर्मा, तोभा देवांगन मोहलई, प्रधुमन कुमार दिवाकर डूमर, टिकेश्वरी गजेन्द्र सोनेसरार, भूषण लाल साहू बालक मेडेसरा, मधु तिवारी शास.प्रा.शाला अकोला, मंगला मेश्राम शास.प्रा.शाला खजरी, रीना राजपूत शास.प्रा.शाला मोहलई, श्री रामकृष्ण शास.प्रा.शाला नंदनी खुंदनी, हिंगेश्वर प्रसाद ठाकुर .प्रा.शाला अकतई, शकुंतला कुजूर शास.प्रा.शाला गिरहोला, पारस कुमार साहू शास.प्रा.शाला राजपुर, भूपेन्द्र कुमार बन्छोर शास.प्रा.शाला अकोला, संतोष कुमार मनहर शास.प्रा.शाला सेमरिया, रश्मिलता ठाकुर प्रा.शाला नवागांव (पु.) , लक्ष्मी नायडू प्रा.शाला कृष्णानगर भिलाई,हसकुमारीसाडू प्रा.शाला टेमरी,रेख लाल ठाकुर प्रा.शाला अरसी,कुलेश्वरदास साहू प्रा. शाला परसकोल, श्याम सुंदर बंजारे प्रा.शाला खपरी कु।

**खबर संक्षेप**

### अवैध रूप से गांजा बेचने वाला पकड़ाया, भेजा जेल



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नदी रोड महमरा एनीकट मुक्तिधाम दुर्ग के पास एक युवक गांजा बेचते हुए पकड़ाया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम मठपारा सारथी मोहल्ला थाना सिटी कोतवाली दुर्ग निवासी राज सारथी बताया है। उसके पास से 1.102 किलोग्राम गांजा 54 हजार 800 रुपए का बरामद किया गया. नगदी तीन हजार भी आरोपी से पुलिस को मिला है।

### पिकअप और सूमो में टक्कर, एक की मौत

**भिलाई।** सब्जी भरी पिकअप वाहन आमने सामने टकराने से वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि नंदिनी-खुंदनी मार्ग पर सूमो और सब्जी से भरे पिकअप वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। मृतक का शिनाख्त ग्राम गिरहौला निवासी अमन कुमार बंधे के रूप में हुई है। अमन रविवार की शाम सूमो वाहन से अहिवारा से धमधा की ओर जा रहा था। तभी नंदिनी-खुंदनी के पास जोरदार सड़क हादसा हुआ। जिससे अमन की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्ग जिले में नंदिनी-खुंदनी मार्ग पर सूमो और सब्जी से भरे पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूमो ड्राइवर वाहन में ही फंस गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र की है। नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप वाहन सड़क से नीचे उतर गया था। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। स्थानीय लोगों ने नंदिनी-खुंदनी मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है।

### किसानों की संस्था नहीं कर रही समस्याओं का निराकरण, बढ़ी दिक्कतें

# साढ़े 3 साल से 311 सहकारी समिति प्रभारी के भरोसे, संचालक मंडल का नहीं हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**अलग खबर**

दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी मर्यादित बैंक के अंतर्गत 311 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हैं। पिछले साढ़े 3 साल से इन समितियों के संचालक मंडल का चुनाव नहीं हुआ है। इसलिए ये समितियां प्रभारी के भरोसे चल रहे हैं। पहले कांग्रेस शासनकाल में और अब भाजपा शासनकाल में समितियों में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में समितियों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। संचालक मंडल के चुनाव नहीं होने से किसानों की यह संस्था किसानों के नीतिगत निर्णय नहीं ले पा रही है। जिसकी वजह से किसानों की समस्याओं के निराकरण में दिक्कतें आ रही है।



### हड़ताल हुई तो प्राधिकृत अधिकारी हुए बेबस

धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हुई। इसके पहले ही समिति प्रबंधक और कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने समितियों में दीगर विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को आनन-फानन में प्रशिक्षण देकर भेजा। खरीदी के लिए एक ठेका एजेंसी से प्लेसमेंट में कंप्यूटर आपरेटर का जुगाड़ किया गया। प्राधिकृत अधिकारी भी उस वक्त बेबस से दिखे। बिना अनुभव के धान खरीदी में दिक्कतें आई। जब समिति प्रबंधक व पुराने कर्मचारी वापस काम पर लौटे तब धान खरीदी पटरी पर आ पाई।

### समितियों के हित में कोई नीतिगत निर्णय का अधिकार नहीं

समितियों में प्राधिकृत अधिकारी केवल प्रभारी के रूप में बिठाए गए हैं। इन प्रभारियों को समितियों और किसानों के हित में नीतिगत निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। मसलन यदि समिति में संचालक मंडल होता तो वे समिति को लाभ पहुंचाने और किसानों के मद्देनजर बड़ा निर्णय लेने का अधिकार रखते हैं। समितियों को फायदे में लाने के लिए सरकार से फंड की भी मांग करते। वर्तमान में चूंकि सरकार के ही नुमाइंदे प्राधिकृत अधिकारी हैं इसलिए वे अपने ही सरकार के खिलाफ कोई बात नहीं रख पाते।

### चुनाव होता तो 11 सदस्य चलाते समिति

समितियों में संचालक मंडल का चुनाव होता तो इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 11 सदस्य होते। इतने सदस्य मिलकर समिति के हित में बड़ा निर्णय लेते। प्रत्येक समिति के संचालक मंडल द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर व संचालक मंडल के सदस्य चुनते। इसके अलावा दुग्ध सहकारी संघ, मतस्य सहकारी समिति, बीज उत्पादक समिति और विपणन में एक -एक प्रतिनिधि भी बनाए जाते। खास बात यह है कि संचालक मंडल के सदस्य किसान ही होते। चुनाव गैरदलीय आधार पर होता। इससे किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय होते।

### किसानों को यह होता फायदा

संचालक मंडल में किसान ही चुनकर आते और किसान ही चुनते। इसलिए किसानों के ऋण संबंधी सुविधा, खाद, बीज आदि पर बेहतर निर्णय लिए जाते। संचालक मंडल के पूर्व सदस्यों ने बताया कि समितियों में संचालक मंडल स्वायत्त होते हैं। इसलिए नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार होता है। दुर्ग में 87 प्राथमिक कृषि साख समिति, बालोद जिले में 122 प्राथमिक कृषि साख समिति और बेमेतरा जिले में 102 प्राथमिक कृषि साख समिति प्रभारी के भरोसे चल रहे हैं।

**2 लाख का सामान जब्त**

# भिलाई तीन और नंदिनी में जुआ खेलते 12 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लंबे समय से भिलाई तीन थाना क्षेत्र में जुआ का बड़ा फड चल रहा था। जिसे लेकर शिकायत भी हुई थी लेकिन पुलिस कार्रवाई करने से बचती रही। जुआ का मामला उजागर होने के बाद ही भिलाई तीन पुलिस ने दबिश दिया। एक्ता नगर मुक्तिधाम के पीछे से पुलिस ने आरोपी शांतिपारा भिलाई 3 निवासी सनी सिंहानिया, नूतन चौक भिलाई 3 हर्ष यादव, मछली मार्केट खुर्सीपार अनिकेत, शांति नगर भिलाई 3 हरीश तारक, राजेश यादव, नूतन चौक भिलाई 3 इशू उर्फ विक्की, गतवा तालाब भिलाई 3 रजत साव, शांतिपारा भिलाई 3 राहुल राय, शीतलापारा भिलाई 3 ओमकार सोनी को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने 19 हजार 500 रूपये नगद, 5 बाइक ,7 मोबाइल जप्त किया गया। वहीं नंदिनी थाना क्षेत्र में जुआ खेलते जुआरी नंदिनी नगर निवासी मनोहर निषाद, वेद प्रकाश देवांगन,सुरेश कुमार सिन्हा को ताश पत्ती के साथ पकड़ा है। उनके पास से पुलिस ने नगदी रकम 9750 जप्त किया है।

- **लंबे समय से भिलाई 3 में चल रहा था, फड़ से नकदी रकम बाइक मोबाइल जब्त**

### सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** जिला में शांति व्यवस्था कायम रखने अड्डेबाजी कर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीएसपी हर्षित मैहर, सत्य प्रकाश तिवारी, एसडीओपी अनूप लकड़ा के नेतृत्व में चौक-चौराहे, संदिग्ध स्थानो, अड्डेबाजी करने वालों पर कार्रवाई की गई। इसमें सौ से अधिक कर्मचारियों व अधिकारी टीम में शामिल थे। अभियान के तहत सड़क पर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की रक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने की दिशा में विगत दिनों विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सड़क किनारे लापरवाही पूर्वक असुरक्षित तरीके से वाहन को खडा करने के कारण लगातार हो रहे घटना को ध्यान में रखते हुए थाना को अपने - अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्रवाई किया। दुर्ग पुलिस 10 वाहन स्वामियों के खिलाफ धारा 285 भारतीय न्याय संहिता के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए वाहनों को जप्त किया। लापरवाह वाहन चालाक, स्वामी के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने कार्रवाई किया। थाना उतई में 3, पाटन व नंदिनी में 2-2 जेवरा, सुपेला व अमलेश्वर में 1-1 अपराध कायम किया गया। ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत शराब सेवन कर अपराध करने वाले को नहीं बख्शा जाएगा। विभिन्न थाना जगहों में शराब का सेवन करने वाले 22 पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई हुई।

# मुसाफिरों पर भारी पड़ रही ट्रेनों की लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मुंबई हावड़ा रुट की अधिकतर ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी ट्विनसिटी के मुसाफिरों पर भारी पड़ रही है। रविवार की तरह आज सोमवार को भी कई गाड़ियां दो से चार घंटे विलंब से पहुंचीं। इसके चलते यात्रियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिलासपुर के पास तीसरी लाइन व निकटस्थ मरम्मत कार्य चलने और माल गाड़ियों की पासिंद आदि के चलते यात्री गाड़ियों का पासिंग का सिलसिला आज भी जारी रहा। इसके चलते पावरहाउस और दुर्ग स्टेशन पर कई गाड़ियां काफी विलंब से पहुंची। संपर्क क्रांति दुर्ग निजामुद्दीन गाड़ी पांच घंटे देरी से पहुंची। इस ट्रेन का पावरहाउस पहुंचने का समय पूर्वान्ह 12.30 है लेकिन शाम सवा पांच बजे आई। मुंबई-हावड़ा ट्रेन भी अपने निर्धारित टाइम 2.30 बजे के बजाए दो घंटा लेट शाम 4.30 बजे यहां पहुंची। इसी तरह दुर्ग- पुरी एक्सप्रेस शाम 4.10 के बजाए शाम 6 बजे आई।

- **आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां विलंब से पावरहाउस दुर्ग पहुंचीं**

इतवारी पैसेंजर 4.30 को आनी थी लेकिन 5.30 बजे घंटेभर विलंब से पहुंची। शालीमार सुपरफास्ट भी तीन घंटा देरी से पहुंची। रविवार को भी पुरी अहमदाबाद सुपर फास्ट साढ़े चार घंटे देरी से शाम 5 बजे पहुंची। लेटलतीफी से शादियों, परीक्षाओं आदि आवश्यक कार्य से गंतव्य स्थल जाने में देरी हो रही है।

# कहुआ लकड़ी की तस्करी, वाहन समेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी को वन विभाग ने दबिश देकर पकड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात फोरलेन सड़क पर मौर्या-चंद्रा टाकीज के पास से वाहन से कहुआ लकड़ी जा रहा रहा था।

- **देर रात मौर्या-चंद्रा टाकीज सुपेला के पास**



इस दौरान सूचना पर वन विभाग गश्त टीम ने लकड़ी से भरे दो वाहनों को पूछताछ के लिए रोका। लकड़ी परिवहन अवैध होने से दोनों मेटाडोर वाहनों को जब्त कर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। वन मंडलाधिकारी दुर्ग उप वनमंडलाधिकारी और वन परिक्षेत्र अधिकारी दुर्ग के गश्त के दौरान अवैध परिवहन में शामिल वाहन सीजी 04 पीजे 6778, सीजी 04 जेसी 6725 को पकड़ा। उक्त वाहनों को पुलगांव डिपो में ले जाया गया। कार्रवाई न होने पाए, इसके लिए तथाकथित लकड़ी तस्करों ने अपने रसूख का इस्तेमाल कर दबाव बनाने का भी प्रयास किया। सुपेला और वैशाली नगर पुलिस को बुलाकर वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित कहुआ लकड़ियों के परिवहन में लिप्त दोनों वाहनों को पकड़ा। उल्लेखनीय है कि जिले में पाटन,धमधा विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में कहुआ प्रजाति के वृक्षों की कभी भरमार हुआ करती थी। सरकारी गाइडलाइन में कहुआ प्रजाति के वृक्षों की कटाई प्रतिबंधित घोषित किया गया है। लेकिन लकड़ी तस्करों के द्वारा हर वर्ष धान कटाई खत्म होने के साथ ही कहुआ के हरे भरे वृक्षों की कटाई की जाती है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में कहुआ प्रजाति के वृक्षों की संख्या तेजी से सिमटने लगी है।


**घना कोहरा छाए रहने की भी चेतावनी, दो दिन और ठंड रहने की संभावना**

# ट्विनसिटी ठिठुरी, सीजन का सबसे कम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी सोमवार को ठिठुर उठी। सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

हालात अब फिर से कोहरे का बनने लगा है। मौसम विभाग ने अलसुबह घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी भी दी है। साथ ही आने वाले दो दिनों में और ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। रात में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी।



### चलने लगी फिर से शीतलहर

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग संभाग में एक-दो स्थानों पर शीतलहर चली। अधिकतम और न्यूतम तापमान 24C और 12C के आने की संभावना है। अगले 2 दिनों में उत्तरी छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1-2डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी। उसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। अगले 3 दिनों में मध्य व दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगी। छत्तीसगढ़ में एक किट में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। दिनों के बाद मौसम शुष्क रहने की संभावना और धुंध छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो आगे और ठंड बढ़ेगी।

### सेहत पर विपरीत प्रभाव

ट्विनसिटी का तापमान पिछले 20 दिनों से उतार-चढ़ाव हो रहा है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 8 डिग्री सेल्सियस के बीच घूम रहा है। जिसकी वजह से लोगों के सेहत पर भी असर पड़ने लगा है। लोग सर्दी, खांसी और बुखार से परेशान हैं। हर घर का कोई न कोई सदस्य इस सीजनल बीमारियों से ग्रसित है। मौसम में वायरस ऐसा सक्रिय है कि खासकर खांसी ऐसा है कि लोगों को महीनेभर तक छोड़ नहीं रहा है। लोग इलाज कराकर थक-हार चुके हैं। चिकित्सकों ने बताया कि शीतलहर के समय जहां तक हो सके घर से बाहर न निकले। सर्दी-खांसी और बुखार होने पर चिकित्सकीय परामर्श ले। गर्म कपड़े पहने , ठंड से बचाओ के लिए यथासंभव हर प्रकार से जतन करें।

**अलसुबह ठंड से लोग होने लगे परेशान** सोमवार को अलसुबह ठंड इतनी लगने लगी कि लोग परेशान सा हो गए। सुबह सड़कों पर आवागमन बेहद कम दिखाई दिया। दिन में भी ठंडी हवाएं चली। जिसकी वजह से लोग गर्म कपड़े ही पहने हुए अपना कामकाज निपटाए। शाम होते ही कड़ाके की ठंड महसूस होने लगी। छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक लगातार ठंड की वजह से प्रभावित हो रहे हैं।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### रिकेश सेन मिले भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से

**भिलाई।** वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिल्ली में मुलाकात की। रिकेश ने उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। भेंट के दौरान नितिन नबीन ने संगठन के कार्यों में और अधिक ऊर्जा, गति व समर्पण के साथ कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सेन ने क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों और वैशाली नगर विधानसभा में विकास कार्यों से उन्हें अवगत करवाया। प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों से भी अवगत कराया।

### आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता मिली



**दुर्ग।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में कुमारी हिना ठाकुर निवासी बघेरा को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ोदा मोहन नगर के माध्यम से रोजगार के लिए सिलाई मशीन लोन के रूप में उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर कुमारी वसुंधरा पोडी द्वारा गोढ़ी भाषा के प्रचार प्रसार के साथ ही मेधावी छात्र के रूप में आदिवासी समाज को गौरांवित कर रही है जिन्हें अध्यक्ष द्वारा आवश्यकता अनुसार उनकी पढ़ाई के लिए पुस्तक एवं कॉपी का वितरण भी किया गया। केंद्रीय धमधागढ़ अध्यक्ष कमलेश ध्रुव द्वारा कचना धुर्वा देवस्थानम सिविल लाइन में प्रदान किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज सेवी अध्यक्ष राकेश ठाकुर जिला दुर्ग द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में जीवराखन मारई अंगार मोती ट्रस्ट अध्यक्ष, जयपाल ठाकुर गोंडवाना गन गोड महासभा प्रमुख, धनेश्वर धुर्वे, महावीर गोड़, रामकुमार नेटी, राम सिंह ठाकुर, प्रभा ध्रुव, पायल ध्रुव, कुमारी रेणुका रावटे, कुमारी नीता ठाकुर, रोहित ध्रुव, बॉबी ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# गलत मूल्यांकन और जबरन सर्वे के विरोध में 14 गांव के किसान

## खरासिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना को लेकर ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रेलवे की खरासिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना को लेकर दुर्ग ब्लॉक के 14 गांवों के प्रभावित किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जमीनों का गलत मूल्यांकन किया जा रहा है और जबरन सर्वे की प्रक्रिया की जा रही है। सोमवार को किसानों रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक लिखित में पारदर्शिता और न्याय नहीं मिलता, वे अपनी आजीविका का आधार जमीन नहीं देंगे। प्रभावित किसानों ने कलेक्टर ज्ञापन सौंपकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए।

### हेक्टेयर नहीं, वर्गमीटर में हो मूल्यांकन

किसानों ने जिला पंजीयक और कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में नवीन गाइडलाइन की विसंगति से अवगत कराया। किसानों ने हेक्टेयर के स्थान पर वर्गमीटर आधारित मूल्यांकन प्रणाली को बहाल रखने की मांग की। उनका तर्क है कि हेक्टेयर दर से छोटे भू-स्वामियों को भारी नुकसान होगा। संपत्तियों का मूल्य कुआं, बोर, फलदार वृक्ष, बाड़ी, बाउंड्री वॉल और मकान जैसी संपत्तियों को मूल्यांकन से बाहर रखना नियमों का खुला उल्लंघन है।



### आपस में जुड़े गांवों की दरों में असमानता

किसानों ने कहा कि सटे हुए गांवों के बीच दरों में असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 का हनन है। कोड़ियां के सरपंच कार्यालय में एक झकझोर देने वाली घटना का भी जिक्र किया गया। किसानों के अनुसार अधिकारियों द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि सर्वे नहीं करने दिया गया, तो बलपूर्वक सर्वे कराया जाएगा। यदि बल ही प्रयोग करना है, तो हमें रास्ते से हटाने के लिए जान से मार दीजिए, जिससे मुद्दा ही खत्म हो जाए।

### मुआवजा के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार की मांग

किसानों ने कहा कि केवल मौद्रिक मुआवजा पर्याप्त नहीं है, जिन परिवारों की आजीविका भूमि पर आधारित है, उनके एक सदस्य को स्थायी आजीविका दी जाए। अधिनियम की दूसरी अनुसूची के अनुसार, आजीविका प्रभावित होने वाले कुटुंब के एक सदस्य को स्थायी रोजगार सुनिश्चित किया जाए। अभिलेख सुधारः सर्वे से पहले लंबित खसरा बटांकन, नक्शा सुधार, नामांतरण और बंटवारे के प्रकरणों को निपटाया जाए ताकि वास्तविक हकदार को मुआवजा मिले। इस दौरान थनौद, बिरेझर, चांगोरी, कोनारी, चंदखुरी, कोड़िया, भानपुरी, कोकड़ी, बोरिगार्का, खोपली, घुघसीडीह, करगाडीह, पुरई और पौवारा के किसान शामिल थे।

## अनगिनत समस्याएं : वार्ड-19 में मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे वार्डवासी

# राजीव नगर के रहवासी अवैध खटालों और कच्ची नालियों से परेशान, पेयजल संकट से जूझ रहे

## वार्ड में शिकायतों का अंबार, लोगों की शिकायतों पर नहीं हो रही सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम भिलाई अंतर्गत राजीव नगर वार्ड क्रमांक 19 की कई समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने प्रशासन का ध्यान खींचा है। डबरापारा इलाके में सड़कों पर अवैध रूप से खटाल संचालित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र की हालत बदतर होती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खटालों से निकलने वाले गोबर और गंदगी के कारण नालियां पूरी तरह बजबजा रही हैं। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं। वार्ड के कुछ हिस्सों में पेयजल व्यवस्था भी बड़ी समस्या बनी हुई है। पानी की पाइपलाइन इस तरह बिछाई गई है कि लोगों को नाली के ऊपर खड़े होकर पानी भरना पड़ता है, जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। रहवासियों ने पाइपलाइन को व्यवस्थित करने और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की मांग की है। कुछ इलाकों में नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही, जिससे जाम की स्थिति बनी हुई है।





### बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित, स्पीड ब्रेकर की मांग

शकुंतला स्कूल के आसपास रहने वाले नागरिकों और अभिभावकों ने स्कूल मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल खुलने और छुट्टी के समय सड़क पर भारी भीड़ रहती है। इसी दौरान कई वाहन चालक तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अभिभावकों का कहना है कि कुछ वाहन तो बिना हॉर्न या सावधानी के ही स्कूल मार्ग से गुजर जाते हैं, जो बच्चों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। निवासियों के अनुसार यह रास्ता रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की आवाजाही का मुख्य मार्ग है। स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण वाहन चालक गति पर नियंत्रण नहीं रखते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### जर्जर नालियों से बढ़ी परेशानी

राजीव नगर क्षेत्र में पुरानी और जर्जर नालियों के कारण लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नालियां काफी पुरानी हो चुकी हैं और कई जगहों पर पूरी तरह टूट गई हैं। लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में नालियों का पानी सड़क पर बहने लगता है। इससे न सिर्फ सड़क कीचड़ और गंदगी से भर जाती है, बल्कि पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार फिसलने और दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या सालों से बनी हुई है, लेकिन अब तक नालियों की मरम्मत या नए निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### सड़क और नालियों में गंदगी से लोग परेशान



राजीव नगर निवासी अरविंद साव ने डबरापारा इलाके में लंबे समय से चल रहे अवैध खटालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि यहां सड़कों पर मवेशियों को बांधकर खटालों का संचालन किया जा रहा है, जिससे आम लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। अरविंद साव के अनुसार सड़क पर मवेशी बंधे रहने के कारण राहगीरों, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार दुर्घटना की स्थिति भी बन जाती है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। खटालों से निकलने वाला गोबर नालियों में भर जाता है, जिससे नालियां जाम रहती हैं और पूरे इलाके में गंदगी व दुर्गंध फैली रहती है।

### जारी है पानी टंकी का निर्माण

आजाद चौक के पास पानी टंकी का निर्माण जोरों पर है। इस टंकी के बनने से लोगों को पानी की समस्या से मुक्ति मिलेगी। वार्ड में निरीक्षण कर अवैध रूप से संचालित खटाल संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए वार्ड में नियमित रूप से नालियों की सफाई कराई जा रही है। कुछ जगहों पर नालियां टूटी हुई है। निगम से प्रस्ताव पास होने पर उसे बनाया जाएगा।
**-रामानंद मौर्या,** पार्षद वार्ड 19 राजीव नगर, भिलाई

# बीजेपी-आरएसएस ने डर दिखाकर 3 बार जीता चुनाव : भूपेश बघेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शंकर नगर स्थित महाराणा प्रताप भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने अखिल भारतीय एसटी-एससी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा के इस आयोजन में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान बीजेपी, आरएसएस, कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा और धीरेंद्र शास्त्री पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा किकभी हिंदू खतरे में नहीं था। लेकिन जब से बीजेपी-आरएसएस सत्ता में आई है, तब से हिंदू खतरे में है। वे डर दिखाकर तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। कथावाचक भगवान के बारे में न बताकर अब टोटके बताते हैं। समाज जितना पढ़ा-लिखा होता जा रहा है। आम लोग खुद इन कथावाचकों से ज्यादा जानते हैं कि शिव कौन हैं, हनुमान कौन हैं और पूजा कैसे की जाती है। शंकर नगर में संविधान पर्व और राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि आज न अनुसूचित जाति खतरे में है, न जनजाति, न पिछड़ा वर्ग और यहां तक की अल्पसंख्यक भी खतरे में नहीं है। बीजेपी केवल डर फैलाकर राजनीति कर रही है। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हिंदू खतरे में नहीं था। देश आजाद हुआ, तब भी कोई खतरा नहीं था। मुगलों का शासन रहा, सुल्तानों का शासन रहा, मुसलमान सत्ता में रहे, लेकिन तब भी हिंदू को कोई खतरा नहीं था। प्रदेश में दो महाराज लगातार आ रहे हैं। ये न तो भगवान शिव के बारे में बताते हैं और न ही हनुमान के बारे में, केवल टोटका और अंधविश्वास की बातें करते हैं। इन दोनों महाराज की आर्थिक स्थिति बहुत सुधर गई है।

■ राज्य स्तरीय सम्मेलन में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

अपने नाम पर कराए जा रहे सर्वे को लेकर भी भूपेश बघेल ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज उनके नाम से सर्वे कराया जा रहा है कि भूपेश बघेल को गिरफ्तार किया जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने पूछा कि इसका मतलब क्या है? पुलिस व्यवस्था है, न्याय व्यवस्था है, सब सरकार के हाथ में है। अगर कोई गलती की है तो कार्रवाई करें, फैसला कोर्ट का काम है। लेकिन सर्वे कराने का क्या औचित्य है, इस प्रकार से पूरे प्रदेश में सर्वे करवाया जा रहा है। ये डराने की कोशिश है, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद संजय कोहले, रायसिंह ढिकोला, शत्रुघन वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि पर जिला चिकित्सालय में कार्यकर्ताओं ने बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एआईसीसी के पूर्व कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल वोरा की पांचवीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सामाजिक कार्य किए गए हैं। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल वितरण किया गया। कांग्रेसजनों ने स्व.मोतीलाल वोरा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि उनका संपूर्ण राजनीतिक जीवन ईमानदारी, संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और पार्टी के कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए सदैव संविधानिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और गरीब-वंचित वर्गों के हितों की रक्षा की। उनका जीवन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए

■ अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम



प्रेरणास्त्रोत रहा है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि स्व. वोरा की स्मृति में जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए मार्गो पर चलना होगा। अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण करते समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना, जिससे मानवीय संवेदना का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम में आरएन वर्मा, दीपक दुबे, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, संजय कोहले, कौशल किशोर सिंह, प्रेमलता साहू, निकिता मिलिंद, सुशील भारद्वाज, राजकुमार वर्मा, शंकर ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# सुशासन शिविर में मिले 117 आवेदन

**दुर्ग।** आदित्य नगर जोन कार्यालय में सुशासन सप्ताह प्रशासन शहर की ओर अभियान के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में नागरिकों द्वारा कुल 117 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें 102 मांग संबंधी आवेदन एवं 15 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। मांग पत्रों में पट्टा, सड़क एवं नाली निर्माण प्रमुख रहे, जबकि शिकायतों में पानी आपूर्ति एवं अतिक्रमण से संबंधित प्रकरण शामिल थे। सभी आवेदनों को त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।



# महीने की 7 तारीख तक निकाय कर्मचारियों को जारी हो वेतन, चुंगीकर में हो बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संघ कार्यालय आकाशगंगा सुपेला में महासंघ के अध्यक्ष शरद दुबे की अध्यक्षता, भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश तिवारी उपाध्यक्ष रत्ना श्रीवास्तव, मंत्री संजय मिश्रा,गंगा राम साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

महासंघ के महामंत्री अनिल सिंह ने बताया कि बैठक में नगरीय निकायों में व्याप्त कर्मचारी समस्या अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, शासन के आदेशानुसार प्रतिमाह 7 तारीख तक वेतन भुगतान, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में बढ़ोत्तरी, ठेका प्रथा समाप्त कर



प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने, पेंशन में दैनिक वेतनभोगी काल की गणना कर निर्धारण किये जाने, अनुकम्पा नियुक्ति की सिलिंग समाप्त करने सहित ग्रेजुएटी एवं सी पी एफ की लम्बित राशि का भुगतान किये जाने की मांग को लेकर महासंघ द्वारा प्रदेश स्तरीय तीन चरणों में दिनांक 9 जनवरी 2026 को स्थानीय स्तरीय, 16 जनवरी को जिला स्तरीय एवं 30 जनवरी प्रदेश स्तरीय आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया गया है। सदस्यता अभियान को गति देने तथा प्रदेश की निकायों में प्रवास करने हेतु दायित्व निर्धारण किया गया है।

बैठक में विष्णु चन्द्राकार, अमरनाथ दुबे, रामवृक्ष यादव, गोपाल सिन्हा,राम अवतार साहू, विवेक रंगनाथ, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, शशिभूषण मोहंती, अमित चन्द्राकार, वामन राव, रोहित बंजारे, सुनील जोशी, संजीव तिवारी, अमिता कश्यप, रामेश्वरी सागर, किरण सिंह, नंद कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के दिए निर्देश

# जनदर्शन में नकली दूध फैक्ट्री और अतिक्रमण की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आमजन से सीधे मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना। जनदर्शन में मुख्य रूप से अवैध कब्जा, भूमि मुआवजा, नकली खाद्य पदार्थों की फैक्ट्री से प्रदूषण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से संबंधित कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

■ जनदर्शन में कुल 150 आवेदन मिले

जनदर्शन में व्यक्तिगत समस्याओं का भी त्वरित समाधान करने का प्रयास किया गया। यामिनी साहू ने अपने बीपीएल राशन कार्ड से बिना जानकारी के नाम काटे जाने की शिकायत की और न्याय की गुहार लगाई। वहीं ग्राम गोढ़ी की निवासी गायत्री टंडन ने आर्थिक तंगी और सिर पर छत न होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त धमधा के भानुप्रताप ताम्रकार ने लंबित राजस्व प्रकरण के त्वरित निराकरण के लिए आवेदन दिया।



**अवैध रेत खनन की शिकायत :** स्वास्तिक नगर वार्ड 58 के निवासियों ने पिछले 15 वर्षों से सड़क और नाली निर्माण न होने की शिकायत करते हुए जलभराव की समस्या बताई, जबकि ग्राम करहीडीह वार्ड 15 के लोगों ने मुक्तिधाम के पास हो रहे अवैध रेत खनन और वहां के जीर्णोद्धार को लेकर गुहार लगाई। इसके अलावा ग्राम जामगांव एम के किसानों ने कृषि मार्ग पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की ताकि खेती के कार्यों में बाधा न आए। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी आवेदनों पर संबंधित नगर निगम आयुक्तों और तहसीलदारों को निर्देशित किया है।

### शराब दुकान का विरोध

जनदर्शन में ग्राम पंचायत भरर के ग्रामीणों ने एक बड़ा मुद्दा उठाते हुए गांव में शराब दुकान खोलने का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों की शिकायत है कि आबकारी विभाग द्वारा बिना ग्राम सभा की अनुमति और चोरी-छिपे निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जबकि ग्रामीण वहां किसी भी हाल में मदिरा दुकान नहीं चाहते। इसी तरह, नगर पालिका परिषद कुम्हारी के जनप्रतिनिधियों ने वार्ड क्रमांक 10 में संचालित एक अवैध नकली दूध फैक्ट्री की शिकायत की। आवेदकों के अनुसार, इस फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले पानी के कारण जोरा तालाब और खपरी नाला प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे मवेशियों की मौत हो रही है और स्थानीय लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। कलेक्टर ने इन दोनों मामलों में आबकारी विभाग और अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 को तत्काल जांच कर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# मनरेगा योजना का नाम बदले जाने को लेकर कांग्रेस ने जताया विरोध



**दुर्ग।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम की मजदूरों को रोजगार देने की महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी का नाम बदलकर जी राम जी योजना करने पर दुर्ग में कांग्रेसी और गांधी प्रतिमा दुर्ग पर इकट्ठा होकर मनरेगा का नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से ही रखने की मांग की। रघुपति राघव राजाराम, सद्बुद्धि दे भगवान का भजन गाया। इसमें दुर्ग जिले के कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता व प्रतिनिधि सभी ने इसे गलत बताया है, इसकी कड़ी भर्त्सना की। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा यह सरकार जब से आई है केंद्र और राज्य में या नहीं चाहती कि ग्रामीणों की आर्थिक व्यवस्था सुधारे मनरेगा में रोजगार देने की भाजपा की नियत में खोट है। पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार में 45 लाख कार्य दिवस मनरेगा में होते थे, जिसमें कटौती कर प्रथम वर्ष में 32 लाख कर किया गया और इस वर्ष 16 लाख कार्य दिवस कर दिया गया। केंद्र सरकार मनरेगा में पहले 80 और 20 के आधार पर केन्द्र सरकार 80% राशि देती थी। अब केंद्र सरकार 60% राशि दे रही है। राज्य सरकार पर 40% का बोझ डाल दी जबकि राज्य सरकार के पास फंड की कमी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, धीरज बकरीवाल, आरएन वर्मा, दीपक दुबे, लक्ष्मण चंद्राकर, अल्ताफ अहमद, दानेश्वर साहू, उषा सोने, रिवेंद्र यादव मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई को ठहराया गलत

**भिलाई।** क्राइम ब्रांच की टीम पर गलत तरीके से कार्रवाई करने के आरोप में दुर्ग कोतवाली थाने का परिजनों ने घेराव किया। हरनाबांधा क्षेत्र के पीड़ित परिजनों का आरोप था कि 17 दिसंबर की रात करीब 9 बजे क्राइम ब्रांच की टीम ने बाहर खड़े 6 युवकों को बिना किसी कारण के उठा लिया। उसके बाद कई घंटों तक शहर में घुमाती रही। परिजनों को संदेह हुआ कि किसी ने उन्हें अपहरण कर लिया है, इसलिए वे सिटी कोतवाली दुर्ग पहुंचे, लेकिन वहां की पुलिस को भी कोई जानकारी नहीं थी। देर रात करीब 3 बजे पता चला कि क्राइम ब्रांच ने उन्हें एनडीपीएस मामले में नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में उठाया है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि पुलिस ने एफआईआर में गिरफ्तारी का दिन व स्थान भी बदलकर उन्हें जेल भेज दिया। उसी रात क्राइम ब्रांच की टीम ने बिना वारंट के जबरन परिजनों के मकान की तलाशी भी ली गई। लेकिन मकान से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। इस पूरे मामले में पीड़ित परिजनों ने पहले एसएसपी से शिकायत भी किया है।

### निधन

### डॉ. एके झा



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एके झा का रविवार को निधन हो गया। वे अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे पुत्र और पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें गमगीन माहौल में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जिपं की सामान्य सभा में उठा मामला, भूपेश ने किया निरीक्षण

# झीट समिति में एक हजार कट्टे से ज्यादा धान, कहां से आया कोई बताने वाला नहीं, भूपेश पहुंचे जांच में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/पाटन

धान खरीदी को लेकर झीट सहकारी समिति में बड़ी लापरवाही सामने आई है। समिति में 1 हजार कट्टे से ज्यादा धान अतिरिक्त मिला है। यह धान कहां से आया, इसके बारे में कोई भी जानकारी देने को तैयार नहीं है। इधर इस मामले को लेकर पहले जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक में हंगामा हुआ। इसके बाद दोपहर को ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समिति में पहुंचे। उन्होंने इस मामले को लेकर समिति प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों से जानकारी चाही, लेकिन कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कोचिया को फायदा पहुंचाने के लिए गुपचुप तरीके से इस धान को समिति में पहुंचाया गया। वहीं जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू ने समान्य सभा की बैठक में इस विषय को रखा। उन्होंने कहा कि जब टोकन नहीं कटा, गेट पास जारी नहीं हुआ, फिर ये धान समिति में कैसे पहुंचे। खाद्य नियंत्रक अनुराग भदोरिया ने इस मामले में जांच की बात कही। सामान्य सभा की बैठक में कई अन्य विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षकों की कमी, जिला अस्पताल में अनियमितता, 15वें वित्त आयोग का पैसा जारी किए जाने, महतारी वंदन योजना से महिलाओं के नाम काटे जाने, रबी की फसल के खाद जारी किए जाने जैसे विषयों को उठाया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सदस्य दानेश्वर साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, आशा मिश्रा, नोमिन ठाकुर, उषा सोने, प्रिया साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।





### स्कूलों में शिक्षकों की कमी जर्जर भवन में पढ़ रहे बच्चे

जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू ने स्कूलों में शिक्षकों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बाद भी स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हो पाई है। इसकी वजह से पढ़ाई प्रभावित है। जिले से शिक्षा मंत्री होने के बाद भी ऐसे हालात है। पाटन में 25 से ज्यादा शिक्षक नहीं हैं। निपानी स्कूल जर्जर है, जो डिस्मेंटल करने की योजना बनी है, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। 15वें वित्त आयोग की राशि 9 महीने बाद भी जारी नहीं हुई है, जिसकी वजह से मूलभुत जरुरतों को लेकर भी पंचायत प्रतिनिधियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जिला अस्पताल बना रेफर सेंटर, दागे सवाल

बैठक में जिला अस्पताल में दलाल सक्रिय होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल इन दिनों रेफर सेंटर बना हुआ है। जहां प्राइवेट हॉस्पिटल के दलाल सक्रिय हैं, जो इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल रेफर किए जाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने मामले की जांच कर ऐसे हॉस्पिटलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दानेश्वर साहू सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि आखिर कौन है जो प्राइवेट हॉस्पिटलों की दलाली कर रही है। ऐसे लोगों को पकड़ा जाए, हॉस्पिटल पर भी कार्रवाई की जाए। इसके लिए अलग से समिति का गठन किया जाए।

### 5 हजार से ज्यादा महिलाएं महतारी वंदन से वंचित

देवेंद्र चंद्रवंशी, आशा मिश्रा, नोमिन ठाकुर, उषा सोने सहित अन्य ने महतारी वंदन योजना को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग से जवाब चाहा। सदस्यों ने पूछा कि आखिर क्यों 5 हजार से ज्यादा महिलाओं का नाम काटा गया है, उन्हें क्यों महतारी वंदन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस पर परियोजना अधिकारी अजय साहू ने जानकारी दी कि शासन स्तर पर मिले निर्देशों के आधार पर ऐसा किया गया है। इस बारे में जानकारी लेकर वास्तविक स्थिति से सदस्यों को अवगत कराया जाएगा। बैठक में डीएपी 2 हजार और यूरिया 500 रुपए तक बेचे जाने की जानकारी भी दी गई। आरोप लगाया गया कि कृषि केंद्रों में इसकी कालाबाजारी हो रही है।

### झीट में जानकारी लेने पहुंचे कांग्रेसी, अनियमितता का लगाया आरोप

कांग्रेस नेताओं का दावा है कि झीट खरीदी केंद्र में करीब एक हजार कट्टे धान बिना टोकन के ही जमा कर दिए गए, जिससे पूरे धान खरीदी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि आरोप सही हैं तो यह तय है कि यह सब बिना उच्चस्तरीय संरक्षण के संभव नहीं। मामले की जानकारी मिलते ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन भूपेश बघेल सीधे झीट खरीदी केंद्र पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद तहसीलदार पाटन पवन ठाकुर को मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। भूपेश बघेल ने कहा कि नियमों के अनुसार बिना टोकन बारदाना तक नहीं दिया जाता, लेकिन यहां तो बारदाना देकर धान की तौल, सिलाई और स्टॉक तक कर दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कई किसान ऐसे हैं, जिनके टोकन एक माह पहले कट चुके हैं और वे अब तक धान बेचने नहीं आए, तो फिर बिना टोकन धान स्टॉक में कैसे पहुंच गया। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर भी सुबह-सुबह खरीदी केंद्र पहुंचे। जब उन्होंने समिति प्रबंधन से जवाब मांगा तो मौके पर ही 250 कट्टे धान बिना टोकन के जमा होने की पुष्टि हो गई। इस अवसर पर पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, जवाहर वर्मा, मोनू साहू, राकेश ठाकुर अंशु रजक, अनिल चंद्राकर, गोपाल देवागन अन्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### गांवों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया



**अंडा।** ग्राम तिरगा सहित क्षेत्र के सभी गांवों एवं मुहल्लों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। अभियान के अंतर्गत जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम तिरगा के सरपंच घसिया राम देशमुख द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयं बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से पेमिन देवांगन, मितानिन भेमेश्वरी बेलचंदन, बीना यादव, शकुंतला, पवन देशमुख, कोमेश्वरी देशमुख, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं युवा संगठन से घनश्याम देशमुख और तामेश्वर देशमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच घसिया राम देशमुख ने कहा कि पोलियो एक लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय पर और नियमित टीकाकरण के माध्यम से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है।

### चिंगरी में 143 बच्चों को पिलाई पोलियोरोधी दवा



**अंडा।** ग्राम पंचायत चिंगरी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के 143 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा वाघमारे, मितानिन उर्मिला ठाकुर,अनिता निर्मलकर,सत्यवती सेन, सुरेखा पटेल,अशवनी निर्मलकर, सुमित्रा बांधे, कोटवार नारददास सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत चिंगरी में निर्धारित पोलियो बूथ पर की गई, जहां स्वास्थ्य कर्मियों एवं मितानिनों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे, इसके लिए अभिभावक जागरूक होकर अभियान में सहयोग करें, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य सतत बना रहे।

### पल्स पोलियो अभियान पिलाई पोलियो ड्राप



**अंडा।** ग्राम पंचायत कुथरेल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र के जनपद पंचायत दुर्ग सभापति लोमश चन्द्राकर ने ग्राम पंचायत कुथरेल में निर्धारित पोलियो बूथ पर की गई, जहां स्वास्थ्य कर्मियों और मितानिनों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। जनपद पंचायत दुर्ग सभापति लोमश चन्द्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है और समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग जरूरी है। अभियान के दौरान ग्राम के लोगों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाई।

## बिजनेस साइट

### कई अस्पतालों में भटकी जिंदगी को आरोग्यम में मिला जीवनदान



**दुर्ग।** पोटिया निवासी एक महिला पिछले कई दिनों से पेट के बाईं ओर असहनीय दर्द से जूझ रही थीं। राहत की तलाश में परिजन उन्हें कई अस्पतालों में लेकर गए, लेकिन बीमारी की सही वजह सामने नहीं आ सकी। अंततः परिजन महिला को आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग लेकर पहुंचे, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई विस्तृत जांच में बाईं किडनी में 5 किलो से अधिक वजनी ट्यूमर पाए जाने का खुलासा हुआ। ट्यूमर के कारण किडनी में गंभीर सूजन हो चुकी थी और मरीज की स्थिति लगातार बिगड़ रही थी। मामले की गंभीरता और जटिलताओं को देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी। वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका एवं उनकी अनुभवी टीम ने अत्यंत सावधानी और आधुनिक तकनीक की मदद से जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन के दौरान 5 किलो से अधिक वजन वाला ट्यूमर सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया। सर्जरी के बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार हुआ और लंबे समय से चला आ रहा दर्द पूरी तरह खत्म हो गया। ऑपरेशन के मात्र दो दिन बाद ही महिला को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने समय पर सही निदान और सफल इलाज के लिए आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल और चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। चिकित्सकों का कहना है कि लगातार पेट दर्द, सूजन या असामान्य लक्षणों को नजरअंदाज करना जानलेवा साबित हो सकता है। समय रहते जांच और विशेषज्ञ उपचार से ऐसे जटिल मामलों में भी मरीज को नया जीवन दिया जा सकता है।

## सर्वांगीण विकास का प्लेटफार्म बनी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



प्रतिभा खोज स्पर्धा के तहत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की ओर से दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता और व्यंजन मेला का आयोजन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत पूर्व प्राथमिक प्राथमिक मिडिल हाई एवं हायरसेकेंड्री स्तर के 22 गांवों से आने वाले सैकड़ों विधार्थियो ने स्पर्धा में भाग लिया। प्राचार्य पीएल बारले बताया कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जनवरी 2026 में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में अतिथियों के हाथों सम्मानित किया जाएगा। दो दिवसीय खेल स्पर्धा का उद्घाटन केमेस्ट्री एक्सपर्ट धनेश्वरी साहू, बायो एक्सपर्ट शशि यादव और खेल शिक्षक कविता साव ने किया। इस दौरान विभाग अरुण उदय में मेंढक दौड़ में विवेक साहू ,देविका प्रथम निखिल , रूचि द्वितीय, कुर्सी दौड़ में नूपुर ,सार्थक साहू प्रथम धानी साहू ,विवेक द्वितीय,25 मी.दौड़ में नुपूर, विवेक साहू प्रथम, हिमांशी,खुशान द्वितीय, गोली चम्मच में राघव यदु, धानी तथा सार्थक, मुस्कान द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विभाग कक्षा प्रथम द्वितीय मेंढ़क दौड़ में रूचि,ईशान धीवर प्रथम तथा साधना साहू, बृजेश रात्रे द्वितीय स्थान,कुर्सी दौड़ में डावेन्द्र साहू, भवन्या प्रथम तथा अनुराग सोनवानी,गुंजन साहू द्वितीय, 50 मी. तनीश सेन, रूचि प्रथम तथा बृजेश रात्रे, भूमिका द्वितीय स्थान सुई धागा में प्रखर कुमार, आलू दौड़ में डावेन्द्र, जागृति साहू प्रथम तथा नैतिक रात्रे, साधना द्वितीय,फुगड़ी में लीशा देवांगन प्रथम तथा रूचि द्वितीय,जलेबी दौड़ में नोगेन्द्र ,मेघा महिलांगे प्रथम तथा अनुराग सोनवानी, वंशिका साहू द्वितीय,गोली चम्मच में भवन्या,रोहन प्रथम तथा ईशान धीवर,रोहन द्वितीय,विभाग तृतीय चतुर्थ योग प्रथम भाव्या नायक,100मीटर दौड़ बहन प्रथम ऋतिका द्वितीय तृप्ति भैय्या प्रथम पुष्कर द्वितीय नीलेश, रिले रेस सिद्धि चंद्राकर,सुई धागा प्रथम ऋतिका द्वितीय तृप्ति,फुगड़ी प्रथम ऋतिका, लंबी कूद प्रथम तृप्ति,प्रथम पुष्कर द्वितीय तन्मन,विभाग पंचम ,षष्ठ,सप्तम तेजल, लोकामया, पूर्वी सिन्हा, प्रिया नायक, वीणा साहू, साक्षी चंद्राकर, संध्या यादव, वीणा ने प्रथम स्थान तथा मीनाक्षी, यास्मीन, कुमकुम, भूमिका, जास्मिन, याचना, जागृति, महक में द्वितीय स्थान, रिलेरेस प्रथम मीनाक्षी, द्वितीय यास्मीन,कैरम प्रथम मीत, द्वितीय रुद्र कुमार, प्रथम तृषा कौशले द्वितीय लोकम्या रहे।

### 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की



**पाटन।** ग्राम भंसूली(के)में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने की। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो की खुराक दी जाती है। विधायक प्रतिनिधि पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने सभी पालकों से अपील किया है इस अभियान से जुड़कर पोलियो को जड़ से समाप्त करने में सभी सहभागी बने।

### गुरुनानक डैफोडिल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस मनाया



**भिलाई।** गुरुनानक डैफोडिल स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि सरदार इंदरपाल सिंग सैनी रहे एवं स्कूल चेयरमेन सरदार जसबीर सिंग चहल, गुरुनानक नगर गुरुद्वारा प्रधान सरदार तेजिंदर सिंग की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नाजिया बनो ने स्कूल की खेलकूद की गतिविधि से अवगत करवाया। विविध प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रमों का मुख्य अतिथि ने आनंद उठाया वहीं मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।

### आनंद मेला और वार्षिक खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन



**भिलाई।** गांधी विद्या पीठ, राधिका नगर सुपेला भिलाई में रविवार को आनंद मेला एवं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में राधिका नगर शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार उपस्थित रहे। साथ में परगनिया कोषाध्यक्ष एवं बीएल सहगल सचिव भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार अध्यक्ष राधिका नगर शिक्षण समिति ने अपने संबोधन में कहा कि स्पोर्ट्स आज शिक्षा का अनिवार्य भाग है। इसमें न केवल विद्यार्थियों का शारीरिक विकास होता है बल्कि विद्यार्थियों का मानसिक विकास भी होता हैं। आज स्पोर्ट्स के द्वारा करियर के सुनहरे अवसर भी प्राप्त होता हैं। विशिष्ट अतिथि बीएस सहगल ने जानकारी प्रदान किये कि गांधी विद्या पीठ श्रेष्ठतम शिक्षा तो प्रदान कर रहा हैं । विद्यालय के प्रधानाध्यापक एमएल शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया वहीं ि्यार्थियों को पुरुस्कारों से सम्मानित किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्यविद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीम वर्क , उद्यमिता , खेल भावना एवं सामाजिक सहभागिता की भावना कोविकसित करना रहा। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से बने उत्पाद और स्वादिष्ट व्यंजनबनाकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। मंच संचालन रिषिका चटर्जी तथा अमरीन सिद्दकी ने सफलता पूर्वक आयोजित किया।

### निकुम में मंडई 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

घासीदास नगर पुरानी बस्ती निकुम में 25 दिसंबर गुरुवार को मेला मंडई होगी, जिसमें रात्रि में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता रात 9 बजे होगी। यह जानकारी ग्राम निकुम सरपंच भागवत पटेल व योगेश साहू ने दी।

### गुरु घासीदास जयंती और मंडई मेला 28 को

**अंडा।** ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक, वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 में गुरु घासीदास की 269वीं जयंती पर इस वर्ष भव्य समारोह एवं मड़ई मेला का आयोजन 28 दिसम्बर रविवार को किया जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग रहेंगे। अध्यक्षता ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शामिल होंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत रात्रि 10:30 बजे शशी रंगीला स्टार नाइट का आयोजन किया गया है।

### पल्स पोलियो अभियान में पिलाई पोलियो दवा



**पाटन।** ग्राम पंचायत पंदर मे पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सरपंच उमेश गजेंद्र एवं उपसरपंच आकाश कश्यप ने बच्चो को पोलियो ड्राप पिलाकर किया। उन्होने ग्रामवासियों से अपील किया है की 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराख जरूर पिलाये ताकि पोलियो जैसी खतनाक बीमारी बचाव किया जा सके।

### गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती मनाई, रैली भी निकाली



**भिलाई।** सतनामी कल्याण समिति कसारीडीह सिविल लाईन पं क्र 1394 दुर्ग में बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जन्म जयंती पर्व समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा गजेन्द्र यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे एवं नगर निगम के पार्षद उपस्थित थे। कार्यक्रम में सतनाम रैली का आयोजन किया गया। रैली को डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने सफेद ध्वज दिखाकर रवाना किया गया। रैली समापन पश्चात संध्या सामाजिक जनों द्वारा गुरु गद्दी पश्चात श्वेत ध्वज चढ़ाने का कार्य सम्पन्न हुआ। वहीं पद्मश्री डॉ. उषा बारले एवं उनके सहयोगी नर्तक मंडली द्वारा बाबाजी के संदेशों का भजन कीर्तन के माध्यम से जन मानस को संबोधित करते व पंथी गीतों के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को सराबोर करती रही। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारीगण उपाध्यक्ष मार्कण्डेय, सचिव सीआर जांगड़े, सहसचिव सेवन्त चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

### घासीदास जयंती व वीर बालक दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में गुरु घासीदास जयंती एवं वीर बाल दिवस मनाया गया। छात्राओं के वंदना गीत के साथ प्रारंभ समारोह में विद्यार्थियों ने कविता, निबंध, चित्र प्रदर्शनी, भाषण, गीत, नृत्य आदि मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किए। समारोह में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार चंद्राकर , राजेश बंछोर सरपंच ग्राम पंचायत करेला एवं अध्यक्ष सेवा सहकारीसमिति भरर, गोवर्धन साहू , दिनेश नगरिया शाला विकास एवं प्रबंधन समिति सदस्य, प्रमोद ठाकुर , विश्वनाथ कंवर, भारत साहू , डोमन साहू राधेश्याम चंद्राकर नेमेस साहू पुरुषोत्तम चंद्राकर दीपक कुमार प्राचार्य डॉ भारती सहित विद्यालय के संकुल समन्वयक सुरेश महिपाल ,व्याख्याता व शिक्षकगण की गरिमामय उपस्थिति रही। आभार एवं संचालन देशप्यारे ने किया।

**जगजीवन आयुर्वेद**



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रिया विश्वकर्मा पिता सुभाष विश्वकर्मा निवासी मकान नं.-354 राजीव नगर श्रीराम जानकी मंदिर के पास वार्ड नं.-33 जोन-2 खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की हूं यह शपथ लेती हूं यह कि मेरे स्कूल की अंक सूची में मेरा नाम प्रिया आ. सुभाष विश्वकर्मा है।

अतः आज से मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम प्रिया विश्वकर्मा पिता सुभाष विश्वकर्मा से ही जाना पहचाना जायेगा।

**प्रिया विश्वकर्मा**
प्रिया विश्वकर्मा पिता सुभाष विश्वकर्मा
निवासी- 354 राजीव नगर,
श्रीराम जानकी मंदिर के पास,
वार्ड नं.-33, जोन-2, खुर्सीपार,
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.),
मो.-88393-18772,78790-02428

**छत्तीसगढ़, उच्च न्यायालय, बिलासपुर**
**(Paper Publication Notice)**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना नोटिस**
(अधिनियम क्रमांक-5 सन् 1908 आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक FA No.10/2003
**Sheikh Shammi**
**Vs**
**Smt. Tarini Chandrawanshi and Others**
सन् 2010 में Civil Suit No.26-A/2001. Passed by IV[th] Additional District Judge. Durg (C.G.) के आदेश दिनांक 28/09/2002, के विरुद्ध अपील।
प्रति,
**Res. No. 3(a)**:-Sarnath Dewangan S/o Late Gayaram Dewangan, R/o Tata Line, Bajrangpara, ward No. 12, Karma Bhawan, Road No. 10 Kohka, Bhilai, Dist-Durg (C.G.)

कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील Sheikn Shammi, द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 09/01/2026, को नियत की गई है। आपत्तियां / प्रतिआपत्तियां यदि कोई हो. इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से नियत तिथि के पूर्व फाइल की जानी चाहिए।

आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए किन्तु यदि न्यायालय के काम काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी । यदि अपनी ओर से आप स्वयं आपका वकील या इस के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जाएगी और निर्णय दिया जाएगा ।

आज दिनांक 29/11/2025, को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर की मुहर से दिया गया ।

मुहर सहायक रजिस्ट्रार सिविल शाखा

# लोग स्वदेशी उत्पाद के उपयोग में विशेष प्राथमिकता दें : प्रेमप्रकाश पांडेय

## भिलाई निगम में आत्मनिर्भर भारत संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आत्मनिर्भर भारत संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। संगोष्ठी में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिन्हा के उपस्थिति में आत्मनिर्भरता के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया।

मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा अपने वक्तव्य में स्वदेशी को जनहितैषी एवं देश हितैषी बताया गया। उन्होने कहा कि हम भारतीय नागरिको को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग को विशेष प्राथमिकता देना चाहिए। पुराने पारंपरिक व्यवसाय जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को नये पीढ़ी को सौंपा जाता है। जिसके लिए कोई भी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता नहीं होती है, स्वमेव उच्च पीढ़ी से नीचे पीढ़ी को व्यवसाय का प्रशिक्षण मिल जाता है जो कि अदभूत है। ज्यादातर सामग्री पहले विदेशों से मंगाये जाते थे, आज की स्थिति में दुर्लभ सामग्रीयों का निर्माण भारत में होता है। कोविड महामारी के समय वेक्सिन का निर्माण भारत में हुआ, जो कि इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। जो सामग्री हम अपने घरो में निर्माण करेगें, उसका लागत बाहर निर्माण से निश्चित ही कम होगा। जिसका कई उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें परमाणु परीक्षण 13 मई 1998 में हुए संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान सहित अन्य देशो के दबाव के बारे में बताया गया। आत्म निर्भरता को गांव, शहर, प्रदेश एवं देश सभी के लिए अनिवार्य बताया गया।

संगोष्ठी में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, पार्षद नोहर वर्मा, प्रदीप सेन, अनिता साहू, स्वीटी कौशिक, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, नटवर ताम्रकार, पूनम शुक्ला, रश्मि, निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण संगोष्ठी में शामिल होकर अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करने, घरों में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने, स्थानीय उद्योगो को बढ़ावा देने, युवाओं और बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने, पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने, प्रकृति के अनुकूल उत्पादों का प्रयोग करने एवं देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता देने शपथ ली।



### देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिन्हा एवं पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले सभी के द्वारा एकमतेन कहा गया कि स्वदेशी एवं लोकल फॉर वोकल को प्राथमिकता दें, जिससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत रहे। भारतीय सामग्रीयों के उपयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवसाय और खरीदारी करें। जिससे देश का पैसा देश में रहे और आर्थिक संपन्नता बना रहे। स्वीटी कौशिक द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### शासकीय योजनाओं का स्टॉल आज निगम भिलाई में

**भिलाई।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीए.आर.पी.जी.) द्वारा सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव/शहर की ओर अभियान के उपलक्ष्य में 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उददेश्य केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। जिसके तारतम्य में जन समस्या के समाधान और बेहतर सेवा वितरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन 23 दिसंबर को स्थान मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई में प्रातः 10 बजे से संपन्न होगा। शिविर में केन्द्र शासन एवं राज्य शासन से संबंधित हितग्राही मूलक योजनाओं का टेबलवार स्टॉल सुविधा हितग्राहियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी की डयूटी आदेश जारी किये है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, नामांतरण लीज होल्ड, फ्री होल्ड, हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय पेंशन योजना, राशन कार्ड एवं उज्जवला योजना, संपत्तिकर एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस, एम.एम.यू., जैसे सरकारी सुविधाओं का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा। हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपनी जरूरत अनुसार योजना से संबंधित जानकारी लेकर अपना काम करा सकते है।

### अनीता डड़सेना को पीएचडी उपाधि

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर विद्यालय सेक्टर 7 की व्याख्याता अनीता डड़सेना ने भारती विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।उनका शोध विषय स्टडी आफ न्यू एड इंडियन वुमन इन द नावेल्स आफ शशि देशपांडे है। उन्होंने भारतीय नारी चेतना के नवीन आयामों को गहन अध्ययन एवं शोध के माध्यम से सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। उनके पति मनोज डड़सेना बीएसपी के सी एंडआईटी विभाग में कार्यरत हैं। अनिता ने हिंदी माध्यम की छात्रा होने के बाद भी उन्होंने अंग्रेज़ी विषय में एमए किया है।सांसद विजय बघेल सहित बीएसपी वर्कर्स यूनियन औरडड़सेना सिन्हा कलार समाज ने अनीता डड़सेना को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## विधायक देवेंद्र के समर्थन में जुटे प्रदेश के कई विधायक व कांग्रेस नेता

# सेक्टर नौ हॉस्पिटल और रिटेंशन को लेकर बढ़ा आक्रोश, प्रबंधन की तरफ से नहीं मिला उचित जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के सेक्टर नौ हास्पिटल के निजीकरण और रिटेंशन स्कीम खत्म करने जैसे बीएसपी प्रबंधन के फैसलों के खिलाफ कर्मचारियों-अधिकारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी उपवास जारी रहा। जिला प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन की ओर से अधिकारी सिविक सेंटर स्थित उपवास स्थल पर पहुंचे और चर्चा हुई। लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई उचित जवाब नहीं मिलने पर विधायक ने डायरेक्टर इंचार्ज से मुलाकात होते तक अनशन जारी रखने की ऐलान किया।

शाम साढ़े 4 बजे के बाद बीएसपी के जीएम जेएन ठाकुर, अतुल नौटियाल पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ विधायक देवेंद्र के निवास अनशन स्थल पहुंचे। बैठक के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि बीएसपी के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी है कि डीआइसी मिलना चाहते हैं। अभी उनका ऑपरेशन हुआ है। दो दिन के भीतर मुलाकात करेंगे, तब तक के लिए अनशन को बढ़ा रहे हैं। इसके बाद ही हम आगे की रणनीति तय करेंगे।

बीएसपी के अधिकारियों को फैसला लेने का अधिकार है।शहर को बचाए रखने के लिए आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा झगड़ा बीएसपी से नहीं पॉलिसी से है। मैं इस शहर की पहचान को मिटने नहीं दूंगा और न ही बिकने दूंगा। यह आंदोलन लंबा रहेगा।विधायक ने कहा-सेक्टर 9, सेक्टर 4, सेक्टर 3 की बसाहत को खत्म करना चाहते हैं क्या, सेक्टर 9 हॉस्पिटल निजीकरण, स्कूल, मैत्रीबाग, टाउनशिप के व्यापारी, रिटेंशन स्कीम, सेक्टर 7, सेक्टर 5 के 24 यूनिट में रह रहे हैं, उनके लिए क्या प्लान है। बीएसपी प्रबंधन की ओर से जवाब दिया गया कि अभी चर्चा चल रही है। आप नीबू पानी पी लीजिए ।

### डीआईसी से चर्चा तक जारी रहेगा अनशन



### जनविरोधी निर्णय को वापस लेने की मांग

शाम को विधायक व बीएसपी प्रबंधन की बैठक से पहले रिटेंशनधारियों व सेक्टर नौ हास्पिटल स्टाफ सहित अनेक महिलाएं और युवक हाथों में तख्तियां लेकर सेक्टर पांच से पहुंचे। गुस्साए लोग मैं भिलाई, मैं मकान, मैं मैत्रीबाग, मैं सेक्टर 9 हॉस्पिटल आदि का स्लोगन लिखे तख्तियां पकड़े हुए थे ।इस्पात मंत्रालय के आदेश के आगे बीएसपी प्रबंधन नतमस्तक के विवश होने को लेकर कर्मचारियों-अधिकारियों में आक्रोश दिखा । रिटेंशन स्कीम बंद करने,सेक्टर नौ हास्पिटल, स्कूलों व मैत्रीबाग के निजीकरण और लीज, आवासों जैसे प्रबंधन के जनविरोधी कदमों को वापस लेने की मांग कर रहे थे। रविवार शाम को ही दो दिवसीय सत्याग्रह समाप्त होना था। लेकिन प्रबंधन और जिला प्रशासन की ओर से कोई दखल न होने से आक्रोशित विधायक ने सत्याग्रह को बढ़ा दिया था। बाद मेडिकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उपवास पर बैठे विधायक का चेकअप किया। दो अन्य लोग भी उपवास पर बैठे हैं। मेडिकल रिपोर्ट अच्छी न होने से आक्रोश और बढ़ा। इधर बीएसपी प्रबंधन ने हालात को भांपते हुए सुरक्षा बढ़ा दिया है।

### प्रबंधन ने बढ़ाई सुरक्षा

बीएसपी के मेन गेट से पहले ही बैरियर पर चेकिंग शुरू कर दिया गया। सीआइएसएफ जवानों को मुस्तैद किया गया है। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने विधायक देवेंद्र यादव का समर्थन किया है। प्रबंधन से अपील किया है कि शहर को बर्बाद न होने दें। वहीं, प्रदेश भर के जनप्रतिनिधियों ने भिलाई सत्याग्रह का समर्थन किया।विधायक द्वारकाधीश यादव, विधायक,रामकुमार यादव, विधायक कविता लहरे, विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े,विधायक विद्यावती सिधार, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व विधायक गुलाब कमरों, मुंगेली से प्रत्याशी रहे संजीत बनर्जी, लोकसभा प्रत्याशी वीरेश ठाकुर, विधायक बालेश्वर साहू, विधायक चतुरी नंद, विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, विधायक कुंवर सिंह निषाद, विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा, विधायक व्यास कश्यप, विधायक शेषराज हरवंश सभी ने भिलाई को नहीं बिकने देंगे का नारा बुलंद किया।भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन के खिलाफ चल रहे आंदोलन का ट्रेड यूनियन नेताओं ने समर्थन किया है। शहर की कई धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने भी खुलकर समर्थन कर दिया है। कार्यक्रम के समर्थन में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, निशु चंद्राकार, ममता चंद्राकर, प्रतिमा चंद्राकर, अरुण वोरा, विजय पांडे, महापौर नीरज पाल, आरएन वर्मा, लालचंद वर्मा, राजेंद्र सिंह परगनिहा, योगेश सोनी, टीजोगा राव, लक्ष्मीपति राजू, राजेंद्र शर्मा, रमेश पाल, हीरा बॉक्स, कुशवाहा जी, बीपी मनोज पांडे, चौरसिया, श्याम लाल साहू, जय प्रकाश नायर, संजय साहू, अरुण सिसोदिया, गुरलीन सिंह, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, बंटी साहू, डी कामराजू, सीजू एंथोनी, गुड्डू खान, भोलू श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## अटल परिसर का लोकार्पण 25 को, तैयारी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के 11 निकायों में एक साथ अटल परिसर का लोकार्पण किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के दिन लोकार्पण की तैयारी की गई है। निकाय स्तर पर प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। साथ ही आसपास सौंदर्यीकरण और उद्यान का निर्माण किया गया है। प्रदेश के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्यक्रम कराया जाना है। मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री एवं अन्य विशिष्टि अतिथियों के द्वारा 25 दिसंबर सुबह 10 बजे स्थान फुण्डहर चौंक रायपुर से नगर निगम रायपुर के अटल परिसर एवं अन्य 114 नगरीय निकायों के अटल परिसर का लोकार्पण किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम के पूर्व अटल परिसर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना है। लोकार्पण स्थल की साफ-सफाई एवं सजावट की उचित व्यवस्था कराना है। लोकार्पण हेतु वीडियो लाईव स्ट्रीमिंग तकनीकी उपकरण, जैसे प्रोजेक्टर/स्क्रीन, लैपटॉप/कम्प्युटर, इंटरनेट कलेक्शन, साउण्ड सिस्टम, माईक आदि की व्यवस्था कराना है। अटल परिसर लोकार्पण कार्यक्रम स्थल पर जनप्रतिनिधियों के लिए मंच एवं नागरिको की बैठक व्यवस्था किया जाना है। कार्यक्रम की सूचना स्थानीय मंत्री, माननीय सांसद, माननीय विधायक, महापौर, अध्यक्ष, पार्षदगण, जनप्रतिनिधियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों तथा संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाना है। कार्यक्रम हेतु प्रोटोकाल अनुसार विशिष्ट अतिथियों और जनप्रतिनिधियों की सूची तैयार कर समस्त अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना है।

## सेल का वैल्यू चेन पार्टनर्स मीट, किया गया मंथन

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा कोलकाता में सेल वैल्यू चेन पार्टनर्स मीट का आयोजन किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती; दुर्गापुर इस्पात संयंत्र के ईडी बीएस पोपली; बोकारो इस्पात संयंत्र के ईडी सीआर मिश्रा; कोलकाता के ईडी देबब्रत दत्ता; तथा राउरकेला इस्पात संयंत्र के ईडी अनिल कुमार कार्यक्रम में उपस्थित थे। वैल्यू चेन मीट में 100 से अधिक उच्च-मूल्य वाले वैल्यू चेन पार्टनर्स सहित सेल की विभिन्न इकाइयों के सामग्री प्रबंधन विभाग के 50 अधिकारी शामिल हुए।



आरएसपी के निदेशक प्रभारी आलोक वर्मा ने वीडियो संदेश में कहा कि स्थिरता पूरी वैल्यू चेन की साझा जिम्मेदारी है तथा दीर्घकालिक पर्यावरणीय और सामाजिक लक्ष्यों की प्राप्ति में भागीदारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि श्री चक्रवर्ती ने स्थिरता, जिम्मेदार खरीद, नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं तथा बदलते नियामक एवं व्यावसायिक परिवेश में वैल्यू चेन पार्टनर्स से अपेक्षाओं पर विचार साझा किए। स्वागत उद्बोधन राउरकेला इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अनिल कुमार और देबब्रत दत्ता ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की ।

## निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसी पार्षदों ने रखा एक दिन का उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- बाकलीवाल बोले - ट्रिपल इंजन मतलब ट्रिपल प्रॉफिट



नगर निगम दुर्ग में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं एवं प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में नगर निगम दुर्ग के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले सोमवार को एक दिवसीय उपवास पर बैठे। यह उपवास नगर निगम की कार्यप्रणाली में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरण और प्रशासन को चेताने का माध्यम रहा। अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने उपवास का समर्थन किया, वे भी धरने पर बैठे रहे।

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि पिछले कई महीनों से नगर निगम दुर्ग में भ्रष्टाचार चरम पर है। डामरीकरण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता कर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिससे शहर की सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है। इसके साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त करने के उद्देश्य से दिए जाने वाले शौचालय निर्माण एवं संचालन के टेंडर नियमों को दरकिनार कर एक व्यक्ति विशेष को सौंपे गए, जो सीधे-सीधे सरकारी नीतियों का उल्लंघन है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन मतलब ट्रिपल प्रॉफिट है। दुर्ग निगम क्षेत्र आज भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का केंद्र बन चुका है। जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ऐसे मामलों पर चुप नहीं बैठेगी और जरूरत पड़ी तो सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, आरएन वर्मा, दीपक दुबे, दीपक साहू, भास्कर कुंडले, विजयंत पटेल, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, सुशील भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।

## जूनियर बालिका कबड्डी टीम नेशनल चैंपियनशिप के लिए पश्चिम बंगाल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



51वी राष्ट्रीय जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप कोलकाता शहर के दमदम में 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित होने जा रही है। जिसका चयन स्पर्धा दिनांक 10 दिसंबर को स्वर्गीय बी आर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग बिलासपुर में रखी गई थी।उक्त स्पर्धा में छत्तीसगढ़ से लगभग 60 खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभागिता दर्ज कराई थी। जिसमें से कुल 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया और इसके अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची में चार खिलाड़ियों का चयन किया गया ।

चयन पश्चात प्रतियोगिता में सहभागिता से पूर्व इन खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर नगर निगम कबड्डी संघ भिलाई चरोदा जिला दुर्ग में दिनांक 13 दिसंबर 2005 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया गया इस प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को कोच रामकुमार धनकर के द्वारा खेल तकनीक और खेल की बारीकियों से अवगत कराया गया प्रशिक्षण उपरांत आज खिलाड़ियों को कबड्डी किट दोपहर 12:00 बजे शशिकांत बघेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ एवं सेवाराम साहू जी कोषाध्यक्ष छ. ग.संघ भोला साहू रायपुर के हाथों से वितरण किया और कल प्रातः 7:30 बजे हमसफर एक्सप्रेस से राष्ट्रीय जूनियर बालिका चैंपियनशिप दमकल कोलकाता पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होगी। प्रशिक्षण शिविर में नंदकुमार पटेल पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी से भी कई टेक्नीक का लाभ बच्चों ने लिया। चयन स्पर्धा से लेकर प्रशिक्षण शिविर तक प्रदीप यादव महासचिव छ. ग. कबड्डी संघ का मार्गदर्शन रहा।

## जेएलएन हॉस्पिटल में पल्स पोलियो अभियान शुरू



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को पोलियो जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में पल्स पोलियो अभियान शुरु हुआ। उद्घाटन समारोह पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का आरंभ किया गया।

कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने पल्स पोलियो की पहली खुराक पीला कर कार्यक्रम शुरु किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएँ, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लक्ष्य को सुदृढ़ किया जा सके।

## नेशनल कान्फ्रेडेशन आफ ओए की नेशनल एक्सीक्यूटिव काउंसिल की अहम बैठक

# स्टील सेक्टर सहित सभी सार्वजनिक उपक्रमों में चौथे पे रिवीजन के लिए बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल सहित स्टील सेक्टर और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में चौथे पे रिवीजन के लिए नेशनल कान्फ्रेडेशन आफ आफिसर्स एसोसिएशन ने सरकार पर दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। इसके तहत हार्डशिप एलाउंसेस और इंक्रीमेंटर पीआरपी सहित कई लंबित अहम मुद्दों को शामिल किया गया है। इसका लाभ हजारों सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मियों को मिलेगा।

नेशनल काफ्रेडेशन आफ आफिसर्स एसोसिएशन की नेशनल एक्सीक्यूटिव काउंसिल की हुई बैठक में देश के सभी सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। दिल्ली में हुई बैठक में एनसीओए के कार्यकारी अध्यक्ष एनके बंछोर सहित अध्यक्ष एमके अड़सल, महासचिव जी अनिल कुमार, चेयरमेन गर्वनिंग काउंसिल वीके तोमर, कुसुमा राजशेखर और सेफी महासचिव संजय आर्य उपस्थित थे। श्री बंछोर ने बताया कि केन्द्र सरकार ने आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन कर दिया है। एनसीओए टीम ने लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के अधिकारियों के साथ पूर्व में ग्रेच्युटी वृद्धि एवं चौथे पीआरसी पर हुई चर्चा की । 23 अक्टूबर को अध्यक्ष एमएम अदासुल, कार्यकारी अध्यक्ष एनके बन्छोर तथा चेयरमेन गर्वनिंग काउंसिल वीके तोमर ने संयुक्त सचिव/आर्थिक सलाहकार, डीपीई से मुलाकात की थी। बैठक मे चौथे पीआरसी के गठन की प्रक्रिया के लिए तैयारी की जा रही है। इसकी जानकारी नेशनल एक्सीक्यूटिव काउंसिल की बैठक में दी गई।एनईसी की बैठक में तीसरे पे-रिविजन में अफोर्डेबिलिटी क्लॉज की समीक्षा कर उसे चौथे पीआरसी से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। पदाधिकारियों ने बताया गया कि चौथे पीआरसी के गठन के बाद इस विषय पर प्रतिनिधित्व किया जाएगा, और पूर्व के पे-रिविजन से संबंधित इन मुद्दों का समुचित समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।पदाधिकारियों ने हार्डशिप एलाउंस, इनक्रिमेंटल पीआरपी, पीएसयू अधिकारियों को केन्द्र सरकार के अधिकारियों के समकक्ष टैक्स छूट, सीपीएफ ब्याज पर टैक्स की सीमा बढ़ाने, बढ़ी हुई ग्रेच्युटी पर टैक्स छूट जैसे मुद्दों को एनईसी के समक्ष रखा।



### हार्डशिप एलाउंस व इंक्रीमेंटल पीआरपी पर जोर

एनईसी के अध्यक्ष बंछोर ने बताया कि स्टील, पावर, उर्वरक, केमिकल एवं अन्य हजार्डस सार्वजनिक उपक्रमों में तीसरे पे-रिविजन में कठिनाई भत्ते के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया था। इस कमी को दूर करते हुए चौथे पीआरसी में इन्हें विधिवत शामिल कराने हेतु एनसीओए प्रयास करेगा।
इनक्रिमेंटल पीआरपी के लिए द्वितीय पे-रिविजन आदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लाभ की तुलना पिछले वित्तीय वर्ष के लाभ से की गई है, जिसे चौथे पे-रिविजन में संशोधित किया जाना आवश्यक है।
चौथे पीआरसी में इंक्रीमेंटल प्राफिट लाभ बनाम लाभ के स्थान पर पीबीटी बनाम पीबीटी होना चाहिए।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


सेंटा क्लॉज टोपी की बढ़ी डिमांड



## लाइव इवेंट

### माहेश्वरी समाज का 44 वां वार्षिकोत्सव शुरू, सप्ताहभर होंगे विविध आयोजन



**दुर्ग।** माहेश्वरी पंचायत दुर्ग द्वारा 44 वां वार्षिकोत्सव का आयोजन 28 दिसंबर तक किया गया है। रविवार को उद्घाटन समारोह आ आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यकारिणी सदस्य , अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन नीरज चाण्डक बेमेतरा थे। उद्घाटन सत्र के पश्चात पीसीसी मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर दुर्ग में 100 मीटर दौड़, नींबू दौड़, बैलून रेस, थाली रेस, रिले रेस, स्लो बाइक, स्लो स्कूटी, माला रेस एवं क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

- रविवार को खेलकूद प्रतियोगिता के साथ हुआ शुभारंभ
- अंतिम दिन 28 को होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अशोक राठी ने बताया कि 44 वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 22 दिसंबर को महाभारत के पात्र, 23 दिसंबर को फायरलैस कुकिंग, भजन अंताक्षरी एवं हौजी, 24 दिसंबर को मॉकटेल बनाओ , कौन बनेगी खलनायिका, कपल गेम जोड़ी कमाल की, 25 दिसंबर को बैडमिंटन प्रतियोगिता, मार्केटिंग महायोद्धा बेचो और बचो, पौराणिक चरित्र वेशभूषा, मुहावरे प्रतियोगिता, 26 दिसंबर को कैरम प्रतियोगिता एवं सब खेलो - सब जीतो कार्यक्रम आयोजित की गई है। अंतिम दिन स्नेह सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रवाह 28 दिसंबर को पंचवटी मैरिज पैलेस दुर्ग में आयोजित है। मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के बाल संस्कार और संस्कृत संवर्धन संयोजक तथा मोटिवेशनल स्पीकर अनिल जुगल किशोर राठी अमरावती महाराष्ट्र होंगे, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अमिता मूंधड़ा राजनांदगांव होंगी।

सचिव डॉ. शंकर दम्माणी, अध्यक्ष माहेश्वरी महिला मण्डल नीतू गांधी, सचिव अंजली लखोटिया , अध्यक्ष माहेश्वरी युवा संगठन निखिल भूतड़ा, सचिव वर्तिका गाँधी सहित मेंटर राकेश चाण्डक , संयोजक सुचिता विजय राठी, सांस्कृतिक संयोजक भाग्यश्री मीनू राठी, कार्यक्रम सह-संयोजक अजय राठी ने लोगों से आयोजन में बढ़ चढ़कर शामिल होने अपील की है ।

● म्यूजिकल आदमकद सांता क्लाज और एलईडी क्रिसमस ट्री की डिमांड, बच्चों में उत्साह का माहौल

# क्रिसमस सेलिब्रेशन के नजदीक आते ही बाजार में बढ़ी रौनक, म्यूजिकल आदमकद सांता क्लाज कर रहे आकर्षित

**क्रिसमस के नजदीक आते ही ट्विनसिटी के बाजार में रौनक बढ़ गई है। शहर के गिफ्ट दुकानों पर सांता क्लाज की ड्रेस, पुतले, क्रिसमस ट्री, सजावटी सामान, उपहार खरीदने लोगों की भीड़ इन दिनों जुट रही है। बच्चे-बड़े सभी फैमिली के साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए उपहार खरीदने में भी व्यस्त हैं। बाजार में म्यूजिकल आदमकद के सांता क्लॉज, एलईडी क्रिसमस ट्री और सांता की ड्रेसेस उपलब्ध हैं।ट्विनसिटी के इन दिनों स्कूलों की एनुअल फंक्शन में भी क्रिसमस सेलिब्रेशन की झलक दिख रही है। इसमें आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों में सांता क्लॉज बनने उत्साहित है। बाजार में क्रिसमस की पोशाकें भी उपलब्ध हैं, जो विभिन्न कीमतों पर मिल रही हैं।**

**भिलाई।** भिलाई के सेक्टर 6 ए मार्केट, रिसाली आजाद मार्केट, दुर्ग इंदिरा मार्केट, सुपेला मार्केट, आकाश गंगा सहित रोड के किनारे क्रिसमस सेलिब्रेशन के रंग में रंगा दिखाई दे रहा है। वहीं शहर के मॉल, होटल्स में क्रिसमस के लिए सजावट की गई है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

इसमें थीम बेस्ड बड़े-बड़े क्रिसमस ट्री, जगमगाती लाइट्स, सांता क्लॉज और ईसा मसीह की झांकियां सजाई गई हैं। वहीं 25 दिसंबर को क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए शहर के चर्च में भी तैयारियां जारी हैं और उत्साह का माहौल बन गया है। बाजार में न सिर्फ सांता के गिफ्ट उपलब्ध हैं, बल्कि सांता क्लाज की पोशाके की विशाल रेंज भी मौजूद हैं।सांता की ड्रेस और टोपी बाजार में 100 से 250 रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक में उपलब्ध है। बच्चों की उम्र और साइज के हिसाब से ड्रेस की कीमत बढ़ती और घटती है। अगर माता-पिता बच्चों के लिए नई ड्रेस नहीं खरीदना चाहते हैं तो पुरानी ड्रेस को दूसरों को देकर उनके चेहरों में खुशी ला रहे है।



### क्रिसमस ट्री 10 इंच से लेकर 8 फीट तक

दुर्ग-भिलाई के बाजारों में कई प्रकार के क्रिसमस ट्री उपलब्ध है। जिसमें नार्मल साइज क्रिसमस ट्री 8 से 10 इंच से लेकर 8 फीट तक और सांता क्लॉज की आदमकद 9-10 फीट तक उपलब्ध है। किसमस ट्री की साइज के हिसाब से कीमत 50 रुपए से लेकर 1500 रुपए है। वहीं सांता क्लाज की साइज के हिसाब से कीमत 200 से 2000 रुपए तक मिल रही है। इसके अलावा एलइडी क्रिसमस ट्री दो हजार से लेकर 5 हजार रुपए तक की उपलब्ध है। इसके अलावा इसे सजाने के लिए बेलबॉल 50 रुपए से लेकर 250 रुपए तक के पैक में उपलब्ध है।

### नए के साथ ही रेंट पर भी सांता ड्रेस उपलब्ध

राधिका नगर, सेक्टर 4 और रिसाली, मरोदा में कई फैंसी ड्रेस किराया भंडार की दुकानें हैं, जहां बच्चों के लिए सांता की ड्रेस 200 से 500 रुपए में प्रतिदिन के रेंट पर मिल रही है। यहां से ड्रेस लेने के लिए 500 रुपए तक की सिक्योरिटी मनी डिपाजिट करनी पड़ती है।



### सांता के मुखौटे और टोपी की डिमांड

सेक्टर 6 और पावर हाउस स्थित एक सजावटी गिफ्ट हाउस के संचालक ने बताया कि इस साल कॉलेज के छात्रों के लिए भी बाजार में सांता के कपड़े और गिफ्ट आइटम उपलब्ध हैं। बड़ों के लिए सांता के कपड़े 5 सौ से लेकर 15 सौ रुपए तक में उपलब्ध हैं। साथ ही कई आकर्षक गिफ्ट भी बाजार में हैं। सांता क्लॉज बनने के लिए बाजार में सांता के मुखौटे और टोपी भी बच्चों और युवाओं में लोकप्रिय है। मुखौटों की कीमत 60 रुपए से शुरू हो रही है। यह साइज के हिसाब से तय कीमत पर उपलब्ध है। वहीं 75 रुपए से फर वाली टोपी और सांता क्लॉज की दाढ़ी वाले मुखौटे की डिमांड हो रहे है।



## सिटी इवेंट

### गृहस्थाश्रम का पालन करना ये सभी तीर्थ है : आचार्य हरीश





**भिलाई।** मां विंध्यवासिनी महिला समिति ग्राम गनियारी की महिलाओं द्वारा संगीतमय रामकथा का आयोजन किया गया है। श्री रामकथा की शुरुआत के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई और पुरे गांव में भ्रमण कर मां शीतला से आशीर्वाद लिया। कलश यात्रा में महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर शामिल हुए। कथावाचक बाल व्यास आचार्य हरीश और पारयणकर्ता नीलकमल शर्मा के मुखारबिंद से कथा का वाचन किया जा रहा है। इस दौरान प्रेमलाल साहू ने कहा कि शिव का यह नाम कल्याण का वाचक है। शिव कर्मों में लगे रहना ही शिव की पूजा करना है। कथा के दौरान आचार्य हरीश सरल शब्दों में रामकथा का रसपान कराते हुए श्रीराम जन्मोत्सव, राम विवाह उत्सव, राम बनवास, केंवट प्रसंग, भरत चरित्र का झांकी के माध्यम से चित्रण करा रहे है। जिसे सुनने आसपास सहित दूर-दराज से भी भक्त कथा सुनने पहुंच रहे है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ निर्मला भारती, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीता साहू, यमुना वर्मा, लक्ष्मी ठाकुर, नीरा ठाकुर, चित्ररेखा पटेल, गुलेश्वरी सेन, चंद्रकला बंछोर, किरण नायक, रेखा ढीमर, ललिता गोस्वामी, सतवनतिन ढीमर, लता मंडावी, राधा ठाकुर, चेतन पटेल, नर्मदा सोनवानी, यामिनी नायक, गोंदा ढीमर, अंजू ढीमर, यमुना ढीमर, रम्भा ठाकुर, रमा नायक, नैन बाई चंद्रकला साहू, ग्वालिन यादव, विशाखा ठाकुर यशोदा ढीमर चित्ररेखा चौहान, संध्या ठाकुर चन्द्रमनी ढीमर ममता साहू सिबती साहू, रेणुका ढीमर कमला ढीमर टोमीन ढीमर, सुधा यादव, सरस्वती यादव, पुष्पा वर्मा, पार्वती ठाकुर, ज्योति ठाकुर, टिकेशवरी ठाकुर, सोनकुवर ढीमर, हेमीन ठाकुर, रोहणी नायक, कौशिल्या ठाकुर, सुकन्या वर्मा, तुलसा ठाकुर, प्रेमलाल साहू, अमर साहू, सोहन साहू, रामकुमार साहू, रवि साहू सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।



# जोशीले वातावरण में क्रिकेट प्रतियोगिता की हुई शुरुआत, खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**भिलाई।** अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का जोशीले वातावरण में शुरुआत हुई। दिनदयाल पुरम, खुर्सीपार स्थित मैदान में क्रिकेट प्रेमियों की काफी संख्या में उपस्थिति के बीच उद्घाटन दिवस पर कुल चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।




पहला मुकाबला भिलाई रॉयल्स एवं गोयल स्ट्राइकर के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद भिलाई रॉयल्स की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। दूसरा मैच दुर्ग सुपर 11 एवं द फोर एसेस रायपुर के मध्य हुआ, जिसमें द फोर एसेस रायपुर ने अनुशासित बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी के दम पर मैच अपने नाम किया। तीसरा मुकाबला बिलासपुर ब्लास्टर और अग्रसेन टाइटंस के बीच खेला गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खेले गए इस मुकाबले में बिलासपुर ब्लास्टर ने आक्रामक खेल दिखाते हुए शानदार जीत दर्ज की। दिन का चौथा और अंतिम मैच क्रॉसरोड सुपर किंग्स तथा अग्रोहा स्ट्राइकर के बीच खेला गया, जिसमें क्रॉसरोड सुपर किंग्स की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। उद्घाटन अवसर पर आयोजक अग्रवाल यूथ क्लब भिलाई के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम बनेगी। मैचों के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और हर चौके-छक्के पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिनसे क्रिकेट प्रेमियों को भरपूर आनंद मिलेगा।

## दिव्य हनुमंत कथा की 25 को निकलेगी कलश यात्रा, चल रही है जोरों से तैयारी



**भिलाई।** सनातन धर्म के ध्वजवाहक बागेश्वर धाम के आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री श्रीमुख से आयोजित श्री हनुमंत कथा की तैयारी अंतिम चरण पर है। पांच दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 25 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में सम्मिलित होंगी।

25 से 29 दिसंबर तक आयोजित श्री हनुमंत कथा को लेकर दुर्ग भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में उत्सुकता का माहौल है और कार्यक्रम की आयोजन समिति सेवा समर्पण समिति के संयोजक और कार्यक्रम के आयोजक राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है। कार्यक्रम के संपादन और उसकी भव्यता को लेकर बैठकों का दौर भी जारी है। श्री हनुमंत कथा के दौरान धर्म परिवर्तन किए लोगों ने घर वापसी को लेकर समिति से संपर्क किया है जिसे लेकर भी तैयारी किया जा रही है। पार्किंग बेहतर हो सके उसके लिए भी जगह चिन्हांकित कर बैरिकेडिंग और बांस और बल्लियों से घेरा किया जा रहा है। वालंटियर कार्ड को लेकर आवेदन लेने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण पर है। समिति के द्वारा परीक्षण के पश्चात सेवा कार्य करने वाले हनुमंत भक्तों को वालंटियर कार्ड दिया जाएगा।

कार्नर न्यूज

शकुंतला विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक रिकेश

# उमंग के दर्पण में दिखा संस्कृति-कला-कौशल का समर्पण, छत्तीसगढ़ रजत जयंती का बिखरा उल्लास

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की रजत जयंती की थीम पर शकुंतला विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक रिकेन सेन, पत्नी ऋद्या सेन, शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। मां शारदे की प्रतीमा पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।




### रंगारंग प्रस्तुतियों ने किया दर्शकों का मनोरंजन

प्रतिभा सम्मान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। बाल-वाटिका के नन्हे कलाकारों ने लीजेंड्री स्व धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी। मिडिल विंग द्वारा ऐतिहासिक व रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। हायर विंग ने भारत की विविध संस्कृति और हॉलीवुड थीम पर मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शकुन्तला विद्यालय नं-2 की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।




### शाला सदन शिवाजी को मिला प्रथम स्थान

इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यार्थियों में अर्पित साहू को 51 हजार तथा सृजन देवांगन, अदिति मिश्रा, रोशन चौधरी और मयंक कुमार ओझा को 25-25 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही शाला सदन शिवाजी को गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

### छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की अहम भूमिका

उत्सव की भव्यता, विद्यार्थियों की प्रतिभा, पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि सफलता ईश्वर का उपहार नहीं, बल्कि परिश्रम, लगन और अनुशासन का परिणाम होती है, जो विद्यालय के प्रबंधन में स्पष्ट दिखाई देता है। विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओझा ने अभिभावकों से छात्रों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए शाला प्रबंधन द्वारा 7.5 लाख रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई। संचालन रमिंदर कौर एवं जीशान बेग और आभार प्रदर्शन विशेष यादव व हेड गर्ल जसिका प्रिया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार, मैनेजर ममता ओझा शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर, आरती मेहरा शकुन्तला विद्यालय 2, अनिता नायर, हेड मिस्ट्रेस सुनीता सक्सेना, सीनियर मिस्ट्रेस बलजीत कौर, प्रबंधक व्ही दुबे, अभय दुबे, प्रभारी राजेश वर्मा, सुभांगिनी चौबे, वनिता तिवारी, प्रतीक ओझा आदि मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## अभिव्यंजना में दिखाई सांस्कृतिक विविधता और मॉडल प्रदर्शनी



**भिलाई।** सेल– भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग अंतर्गत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर–10 में 20 दिसंबर, 2025 को वार्षिक समारोह 'अभिव्यंजना' का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र चित्त रंजन महापात्र थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिक जॉर्ज द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सरकार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं में 18 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, वहीं कक्षा 12वी में 13 छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय के 03 भूतपूर्व विद्यार्थियों का चयन इस वर्ष छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में भी हुआ। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सत्र के शिक्षक पुरस्कार विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चित्त रंजन महापात्र ने सभी उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संतुलित समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रिदम' रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा शास्त्रीय एवं आधुनिक नृत्य, मधुर गीतों तथा 'वंदेमातरम' की थीम पर भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य विषयों पर आधारित मॉडलों के साथ-साथ कलात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही सलाद सज्जा एवं पुष्प सज्जा गतिविधियों में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिसकी मुख्य अतिथि द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन आर. सिसिली छाया, जया घोष एवं मैत्री सूत्रधार द्वारा किया गया। मंच संचालन अनूपमा शुक्ला, उन्नति खंडेलवाल, निर्जला कुमारी, पूर्वी साहू, अनिरुद्ध प्रसाद एवं अनन्या जॉर्ज ने किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ (माइन्स) कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ (रावघाट) अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं एवं सीएसआर) उत्पल दत्ता तथा महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दूबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों, पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



धर्म लाइव

## पूर्व सांसद बाकलीवाल ने बीएसपी के निर्माण में दिया अहम योगदान : धीरज



**दुर्ग।** पूर्व सांसद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहनलाल बाकलीवाल की 48वीं पुण्यतिथि पर स्मृति शेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खंडेलवाल दिगंबर जैन महासभा द्वारा आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल और मोहनलाल बाकलीवाल फाउंडेशन ज्ञानचंद पाटनी, सुपुत्र निर्मल बाकलीवाल, अल्ताफ अहमद, अध्यक्ष महावीर प्रकाश निगोटिया, महामंत्री प्रदीप जैन, सुशील, संतोष, अनिल बाकलीवाल, विपिन विनायक आदि ने माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम मोहनलाल बाकलीवाल जो हमारे परिवार के और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं यहां के पूर्व सांसद रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना में भी उनका अमूल्य योगदान पंडित रविशंकर शुक्ला के साथ ही रहा है। बीएसपी प्लांट की स्थापना में उनका बहुत बड़ा योगदान है। हम सभी उनकी जन्मतिथि 4 नवंबर और पुण्यतिथि 21 नवंबर को उनको याद करते हुए उनकी स्मृति में एक बड़ा आयोजन किया जाना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता आंदोलन के समय वह जेल भी जा चुके हैं। सेक्टर 8 से नेहरू नगर गुरुद्वारा तक मोहनलाल बाकलीवाल के नाम से एक ओवर ब्रिज बनाया गया है, जिसका नामकरण 6 जनवरी तक बोर्ड सहित लग जाएगा। ज्ञानचंद पाटनी ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में भाग लिए थे। निर्मल सुशील बाकलीवाल ने भी बताया कि दादाजी जी के साथ हमने बहुत लंबा जीवन जनहित कार्यों के लिए देखा है। वह पहले ऐसे नेता है जो अपना घर भरने की बजाय अपना घर का सब कुछ लूट कर गरीबों की सेवा में अपना जीवन बिता दिए।

**बाकलीवाल तीन बार रहे मेंबर ऑफ पार्लियामेंट:** बाकलीवाल वर्ष 1951, 1955 और 1965 सन में तीन बार मेंबर ऑफ पार्लियामेंट रहे। 1937 में दुर्ग के विधायक दुर्ग नगर पालिक के अध्यक्ष के पद पर रहते हुए केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के सलाहकार सदस्य थे। मोहनलाल बाकलीवाल के छायाचित्र पर धीरज बाकलीवाल ज्ञानचंद जैन महावीर प्रकाश निकोटिया निर्मल सुशील अनिल बाकलीवाल टिंकू यश अनिल बाकलीवाल विपिन विनायक अल्ताफ अहमद अमोल जैन आदि महिलाओं ने छायाचित्र को नमन करते हुए पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। णमोकार महामंत्र का पाठ किया।

● आल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर 39 सिल्वर और 59 ब्रांज जीतने का गौरव हासिल

# मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी, मार्शल आर्ट में खिलाड़ियों ने जीते 27 गोल्ड

**भिलाई।** आल इंडिया कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 125 मेडल जीतने वाले एकेडमी के बच्चों को परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कराटे चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता में अभिषेक मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के 86 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 27 गोल्ड, 39 सिल्वर एवं 59 ब्रांज सहित 125 पदक जीतने का गौरव हासिल किया है।सम्मान समारोह के अवसर पर एकेडमी के खिलाड़ियों ने कराटे के विभिन्न एक्सरसाइज और पिरामिड बनाने का शानदार प्रदर्शन किया तथा सेल्फ डिफेंस के करतब दिखाए। इसके साथ ही लाठी चालन एवं चाकू के खेल का प्रदर्शन किया। जिसको दर्शकों की खूब सराहना मिली। एलाइट मार्शल आर्ट एकेडमी छत्तीसगढ़ द्वारा महिला महाविद्यालय भिलाई में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा, झारखंड के के 824 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। यह प्रतियोगिता मेल और फीमेल वर्ग में कराटे के काता और कुमीते केटेगरी में आयोजित की गई थी।





### विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, एकेडमी के संरक्षक और देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में आयोजित समारोह में सभी विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया। प्रशिक्षक सेंसाई ब्लैक बेल्ट 3 डन कियो सर्टिफाइड जज एवं कोच अभिषेक कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएसवीटीयू के स्पोर्ट्स डायरेक्टर किशोर भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, महेश नायडू, निवेदिता साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



### प्रेक्टिस करने कराटे मैट का सेट प्रदान करने की घोषणा

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि आज का युग कड़ी प्रतिस्पर्धा का है। बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल, कला, संस्कृति सहित सभी विधाओं में हुनर अर्जित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल में भी कैरियर बना सकते हैं। सभी अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल आदि विधाओं में भी भाग लेने प्रेरित करें। उन्होंने एकेडमी के बच्चों की गौरवशाली उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके प्रेक्टिस करने के लिए कराटे मैट का सेट प्रदान करने की घोषणा की।

### मार्शल आर्ट से गुणों का विकास

अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि मेडल जीतने वाले बच्चों ने साबित किया है कि मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट से सेल्फ डिफेंस के साथ ही शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस, अनुशासन, आत्मविश्वास, साहस एवं एकाग्रता के गुणों का भी विकास होता है।

### इन्हें गोल्ड मैडल

नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वालों में माहिर प्रकाश, अधिक साहा, मायरा बघेल, आराध्या तिवारी, आद्या चंद्राकर, भार्गवी पोरवाल, खुशवंत वर्मा, के चिराग रूद्र, गुरलीन कोर, अभ्युदय प्रसाद, काव्या वर्मा, अमन सिंह, निहिरा जोशी, अद्विका राहें, दिशा यादव, कोविद्या साहू, रविवार पोर्ते, दीक्षा पाटिल, शौर्यचंद्र साहू, भाव्या वर्मा, आशुतोष त्रिपाठी, मिहिर प्रकाश, अनुभव सिंह, कलश गंगबोईर, केशर देवांगन सहित 27 खिलाड़ी शामिल है। गोल्ड मेडल जीतने वाली सबसे छोटी उम्र की खिलाड़ी 7 वर्षीय मायरा बघेल है। फिनिक्स शीतो रियो कराटे डू एसोसिएशन इंडिया से एफिलिएटेड अभिषेक मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी में रेंशी अमनदास तालुकदार, शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, शिहान मनीष बाग, शिहान नंदकुमार कुशवाहा, सेंसेई आकाश सिंह राजपूत, सेंसेई खिलेन्द्र सागरवंशी, संदीप ताम्रकार, जयप्रकाश साहू, रेंशी दीपक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मान समारोह में विजेता खिलाड़ियों के साथ ही उनके अभिभावक एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## शिव तांडव और लट्ठमार होली बच्चों ने खेली



**भिलाई।** सेक्टर 11, खुर्सीपार स्थित जीआईटीएफ–बीआईवीवी स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक पी. सुब्बा राव थे। उनकी पत्नी कृष्णा कुमारी भी उपस्थित थीं। बीएसपी की उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा सहित पार्षद शुभम झा, सांस्कृतिक समन्वयक वृंदा , समन्वयक अनुराग व जीआईटीएफ बीआईवीवी सेक्टर 6 के प्रधानाचार्या पद्मजा नंद कुमार, पीटीए अध्यक्ष उमा मिश्रा तथा पीटीए कोषाध्यक्ष साधना डोंगरे विशेष अतिथि थे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिव तांडव, भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल पर आधारित नृत्य, छत्तीसगढ़ का राउत नाचा, गुजरात की लठमार होली से प्रेरित गरबा, भरतनाट्यम तथा मीरा बाई की श्रीकृष्ण भक्ति को दर्शाता नृत्य शामिल था।



**नुक्कड़ नाटक से किया जागरुक :** कार्यक्रम में पर्यावरण पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्य वी बाला ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रस्तुति व प्रतिभा की सराहना की। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र सुमित कुमार सिंह को नीट मेडिकल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन तेमेश्वरी साहू ने किया।

बीएसपी संगीत प्रतियोगिता–2025

## बच्चों ने शास्त्री संगीत की दी मनमोहक प्रस्तुति, गूंजे भजन भी







**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय खुली संगीत एवं नृत्य स्पर्धा सोमवार को महात्मा गांधी कला मंदिर, इंदिरा प्लेस में शुरु हुई। मुख्य अतिथि सीजीएम संदीप माथुर तथा विशिष्ट अतिथि जीएम जेएन ठाकुर थे।

उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक व गायक प्रभंजय चतुर्वेदी व कलाकार पीटी उल्लास कुमार, दुष्यंत हरमुख, सरजीत चक्रवर्ती भालचंद्र शेगेकर भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि बीएसपी सदैव कला एवं कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए मंच प्रदान करता रहा है और प्रतिभागियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। प्रथम दिन गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत कर्नाटक शास्त्रीय संगीत श्रेणी के जूनियर वर्ग के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गईं। निर्णायक जय रविशंकर व आर राजेश थे।

डाइट में ब्लू प्रिंट पर आधारित प्रश्न निर्माण प्रशिक्षण का समापन

## सभी स्तरों पर शिक्षकों को निभानी होगी अपनी जिम्मेदारी, प्रश्न निर्माण का दिया प्रशिक्षण



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट अछोटी में ब्लू प्रिंट पर आधारित प्रश्न निर्माण प्रशिक्षण का समापन समारोह महत्वपूर्ण सत्र के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान न्यू एजुकेशन पॉलिसी के सामान्य मुद्दे, शाला संस्कृति, शाला का शैक्षिक वातावरण, भारतीय संस्कृति एवं ब्लूम टेक्सोनामी पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्धबोधन में कहा कि सभी शिक्षकों , विषय व्याख्याताओं को सभी स्तर स्लो लर्नर, मिड लर्नर और फॉस्ट लर्नर के बच्चों को ध्यान में रखते हुए अध्यापन कराना चाहिए और सीखने के प्रतिफल को दृष्टिगत रखते हुए प्रश्न निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों का ह्रास और नैतिक शिक्षा की कमी की भरपाई के लिए सभी शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने अध्ययन अध्यापन और पाठ्यक्रम में इन्हें शामिल करें।



### ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण विभिन्न चरणों में की जाएगी आयोजित

प्राचार्य पीसी.मरकले ने सभी प्रतिभागियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रश्न निर्माण करते समय समान अनुपात में अंकों का निर्धारण व महत्वपूर्ण टॉपिकों पर अधिक नम्बर का प्रश्न निर्माण किया जाना चाहिए। डॉ भट्टाचार्य, डॉ नीलम दुबे, डॉ हेमंत साहू सहायक प्राध्यापकों ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी के सामान्य मुद्दे,शाला संस्कृति, शाला का शैक्षिक वातावरण, भारतीय संस्कृति एवं ब्लूम टेक्सोनामी पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण के नोडल सत्येन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट (सीपीडी) के तहत पूरे 50 घंटे के प्रशिक्षण सभी मास्टर ट्रेनर्स ने संकाय वार कला समूह,विज्ञान समूह, वाणिज्य संकाय, कृषि समूह और विकासखंड दुर्ग,पाटन,धमधा, बालोद,गुण्डरदेही गुरूर, डौंडीलोहारा,डौंडी में प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है, इसके उपरान्त संचालक एससीईआरटी रायपुर के निर्देशानुसार आगामी ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण विभिन्न चरणों में आयोजित की जाएगी। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ वंदना सिंह सहायक प्राध्यापक ने किया और प्रशिक्षक के तौर पर स्टॉफ सदस्य सुषमा हिरवानी, अनुजा मुरेकर, आभा वर्मा,तृप्ति चंद्रवंशी एवं मास्टर ट्रेनर्स डॉ अनुपम मौर्य,विवेक ध्रुव,निभा रानी,सपना सोनी,रत्ना साहू और संजय भुवाल ने दिया। प्रशिक्षण के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी लोगों को प्रमाण पत्र दिया।

ज्योतिष

## बुध करेंगे शनि की राशि में प्रवेश, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन



व्यापार के दाता बुध ग्रह जनवरी में अपनी मित्र राशि मकर में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही इन राशियों को आकस्मिक धनलाभ और तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मकर राशि** : यह गोचर आपकी राशि से लग्न स्थान पर होगा। इसलिए इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही आपको मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगा। बुध ग्रह के आशीर्वाद से आपको धन- संपत्ति की भी प्राप्ति होगी। वहीं इस दौरान आध्यात्मिक सोच के साथ-साथ भौतिक सुखों में भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आगे चलकर लाभकारी सिद्ध होंगी।

**धनु राशि** : बुध ग्रह आपकी राशि से दूसरे स्थान पर संचरण करेंगे। इसलिए इस दौरान आपको आकस्मिक धन की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही बिजनेस में इन दिनों धनु राशि वालों की अच्छी कमाई होने वाली है। कहीं से आपको अटका और गुप्त धन भी मिल सकता है। वहीं इस समय आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही अचानक आय के नए स्रोत बनेंगे। वहीं जो लोग मार्केटिंग, मीडिया, बैंकिंग, शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं तो आपको अच्छा लाभ हो सकता है।

**मेष राशि** : बुध ग्रह आपकी राशि से कर्म भाव पर विचरम करेंगे। इसलिए इस समय आपको काम-कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही नौकरी और व्यवसाय दोनों में उन्नति के योग हैं। वहीं सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साथ ही जो लोग नौकरी की तलाश में हैं तो उनको नौकरी मिल सकती है। वहीं व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। वहीं यह समय नया काम शुरू करने के लिए अच्छा है।

## नजदीक आएंगे सूर्य और मंगल देव, इन राशियों का होगा गोल्डन टाइम

जनवरी की शुरुआत में सूर्य और मंगल ग्रह की युति बनने जा रही है। यह युति शनि के स्वामित्व वाली राशि मकर में बनेगी। जिससे कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही धन- संपत्ति में अपार बढ़ोतरी हो सकती है।

**तुला राशि**: यह संयोग आपकी राशि से भौतिक सुख के भाव पर बनेगा। इसलिए इस अवधि में आपको भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं। वहीं स्वास्थ्य ठीक रहेगा। धन से जुड़े मामलों में अप्रत्याशित सफलता मिलेगी। साथ ही नौकरी और व्यवसाय दोनों में उन्नति के योग हैं। सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वहीं इस समय आप कोई लग्जरी आयटम खरीद सकते हैं।

**मेष राशि** : यह युति आपकी गोचर कुंडली से करियर और कारोबार के स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही नए कार्य करने का उत्साह मिलेगा। वहीं आपको पुराने निवेश या धन संबंधी मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। घरपरिवार का संतुलन आपके मन को संतोष देगा। साथ ही नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल है।

**मीन राशि** : यह युति आपकी राशि से इनकम और लाभ स्थान पर बनेगी। इसलिए इस सयम आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। साथ ही आय के नए- नए माध्यम से आप धन कमा सकते हैं। वहीं निवेश सफल होंगे और आमदनी बढ़ेगी। साथ ही धन आगमन के नए मार्ग बनेंगे। वहीं इस समय आपको शेयर बाजार, सट्टा और लॉटरी में लाभ हो सकता है।

## मकर समेत इन राशियों पर रहेगी शनि देव की विशेष कृपा

कर्मफल के दाता शनि देव 2026 में गुरु की राशि मीन में गोचर करेंगे। इसके साथ ही साल की शुरुआत में शनि मीन राशि में मार्गी अवस्था में रहेंगे। वहीं इसके बाद 26 जुलाई 2026 को इसी राशि में शनि वक्री हो जाएंगे। जिससे कुछ राशियों पर शनि देव की विशेष कृपा रहेगी। वहीं इन लोगों के अधूरे कार्य बनेंगे। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है।



**मकर राशि**: शनि देव आपकी राशि से तीसरे भाव पर संचरण कर रहे हैं। इसलिए इस साल आपके अटके हुए कार्य बनेंगे। साथ ही साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। वहीं धन आगमन के नए मार्ग बनेंगे। वहीं मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। वहीं इस समय कार्यक्षेत्र में आपकी अलग पहचान बनेगी। वहीं खर्चों पर नियंत्रण आएगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वृष राशि** : शनि देव आपकी राशि से 11वें स्थान पर संचरण कर रहे हैं। इसलिए आप लोगों को कुछ नए प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। साथ ही अगर आपका काम- कारोबार एक्सपोर्ट और इंपोर्ट से जुड़ा हुआ है तो आपको अच्छा लाभ हो सकता है। वहीं जो लोग शेयर बाजार, सट्टा और लॉटरी में निवेश करना चाहते हैं, उनको लाभ हो सकता है। व्यापार में नए ग्राहक, बेहतर सौदे और लाभ के संकेत बनेंगे।

**कन्या राशि** : शनि देव आपकी राशि से सप्तम भाव पर संचरण करेंगे। साथ ही आप पर गुरु बृहस्पति की कृपा बनी रहेगी। इस समय आपको पार्टनरशिप के काम में लाभ होगा। वहीं वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। साथ ही अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है। वहीं इस दौरान धन से जुड़े मामलों में अप्रत्याशित सफलता मिलेगी। सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

इसकी चटनी का शरीर पर गर्म प्रभाव होता है, जिससे सर्दी कम लगती है।

# सर्दियों का सुपरफूड है सफेद तिल, तरह-तरह के व्यंजन बनाकर करें सेवन

सर्दियों में शरीर को गर्माहट देने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जिनमें सफेद तिल भी शामिल होता है। इसे एक प्रकार के सुपरफूड की श्रेणी में गिना जा सकता है, क्योंकि यह कई पोषण तत्वों का भंडार होता है। यह स्वस्थ वसा, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक और विटामिन-बी से समृद्ध होता है। इसे आप कई तरीकों से अपनी सर्दियों वाली डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। इन सभी की रेसिपी भी आसान होती हैं।



### सफेद तिल के लड्डू

सफेद तिल के लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले तिल को सूखा भूनकर एक कटोरे में निकाल लें। इसके बाद पैन में पहले दरदरे पीसे हुए बादाम और बाद में कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल भून लें। इन्हें तिल वाले कटोरे में मिला दें। अब एक कढ़ाई में धीमी आंच पर आधा कप गुड़ और थोड़ा पानी गर्म करें। जब गुड़ पिघल जाए तो इसमें सफेद तिल वाला मिश्रण मिलाकर इससे लड्डू बनाएं। ये लड्डू पोषण के साथ-साथ गर्माहट देंगे।

### सफेद तिल को पीसकर बनाएं गजक

सर्दियों में सभी गजक का आनंद लेते हैं, जो सफेद तिल से बनती है। इसके लिए कढ़ाई में तिल को सूखा भून लें, जब तक उनका रंग हल्का भूरा न हो जाए। अब पैन में गुड़ और पानी को पकाएं, ताकि एक चिपचिपा मिश्रण तैयार हो सके। इस मिश्रण को चम्मच में डालकर देखें कि यह तुरंत सख्त हो रहा है या नहीं। इसी समय इसमें सफेद तिल मिला दें और एक घी लगी थाली में डालकर सख्त होने दें।

### सफेद तिल की चटनी

आपने सर्दियों में सफेद तिल के लड्डू तो बहुत खाए होंगे, लेकिन एक बार इनसे बनी चटनी चखकर देखें। इस चटनी को बनाने के लिए सबसे पहले कढ़ाई में बिना तेल डाले सफेद तिल को भून लें। अब इन्हें मिक्सी में डालें और लहसुन, हरी मिर्च, नमक और पानी डालकर पीस लें। इसे आप रोटी, चावल या किसी भी पकवान के साथ खा सकते हैं। इस चटनी का शरीर पर गर्म प्रभाव होता है, जिससे सर्दी कम लगती है।

### अनरसा की गोली

अनरसा की गोली सफेद तिल और चावल के आटे से बनने वाली मिठाई है। इसे बनाने के लिए एक बर्तन में चावल का आटा, दूध, चीनी और हल्का-सा घी मिलाकर मुलायम आटा गूंध लें। आटा गूंधने के बाद अगला स्टेप है अनरसे की गोली को आकार देना। इसके लिए उसे छोटे-छोटे भागों में बाटें और गोल-गोल आकार दें। अब कढ़ाई में घी गर्म कर लें और अनरसा की तल लें। इन्हें भूरा हो जाने दें, फिर सफेद तिल लगाकर खाएं।



## सर्दियों में स्वेटर और मोजे पहनकर सोना सही है या गलत...

सर्दियों में कई लोग स्वेटर और मोजे पहनकर सोते हैं। यह आदत गर्मी तो देती है लेकिन क्या यह स्वास्थ्य के लिए सही है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार स्वेटर पहनकर सोना कुछ स्थितियों में ही उचित है। स्वेटर साफ और सूटेबल होना चाहिए। गंदे या टाइट स्वेटर त्वचा समस्याएं पैदा कर सकते हैं। यह सर्दियों की नींद में खलल भी डाल सकता है।

सोते समय कपड़ों का चुनाव नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। हमेशा कॉटन या लिनेन के कपड़े पहनने चाहिए। ये कपड़े त्वचा को सांस लेने देते हैं। लूज फिट कपड़े नींद में आरामदायक होते हैं। ठंड में थर्मल पजामे या हल्के स्वेटर उपयुक्त रहते हैं। ये स्वास्थ्य सुझाव बेहतर नींद में मदद करती हैं।

### स्वेटर पहनकर सोने के नुकसान और फायदे



स्वेटर पहनकर सोना सर्दियों में गर्मी देता है। परंतु यह आदत कुछ मामलों में नुकसानदायक भी हो सकती है। बहुत टाइट स्वेटर नींद में बाधा डालते हैं। गंदे स्वेटर त्वचा पर रैशेज पैदा कर सकते हैं। स्वेटर हमेशा साफ और आरामदायक होना चाहिए। सर्दियों के अलावा अन्य मौसम में स्वेटर पहनने से बचना चाहिए।

**स्वेटर लेते समय फैब्रिक पर दें ध्यान** : स्वेटर का चुनाव करते समय फैब्रिक पर ध्यान देना जरूरी है। प्राकृतिक रेशों वाले स्वेटर बेहतर होते हैं। ये त्वचा के लिए हानिकारक नहीं होते। सोते समय हल्के और मुलायम स्वेटर पहनने चाहिए। भारी स्वेटर नींद के दौरान परेशानी पैदा कर सकते हैं। सर्दियों में हल्का स्वेटर उपयुक्त रहता है।

**मोजे पहनकर सोना है सही या गलत** : मोजे पहनकर सोना सर्दियों में आरामदायक लगता है। यह पैरों को ठंड से बचाता है। परंतु टाइट मोजे रक्त संचार को प्रभावित कर सकते हैं। हमेशा लूज और स्ट्रेचेबल मोजे पहनने चाहिए। गंदे मोजे त्वचा संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। रोजाना साफ मोजे पहनना जरूरी है।

**मोजे पहनकर सोने से बचना चाहिए** : गर्मियों में मोजे पहनकर सोने से बचना चाहिए। इससे पसीना और परेशानी हो सकती है। सर्दियों में विंटर स्लीप के दौरान मोजे उपयोगी हो सकते हैं। मोजे का सही चुनाव नींद की गुणवत्ता बढ़ाता है। एक्सपर्ट्स सूती मोजे पहनने की सलाह देते हैं। ये हेल्थ टिप्स बेहतर नींद में मददगार साबित होती हैं।

### सोते समय कपड़ों का सही चुनाव

नींद के दौरान पहने जाने वाले कपड़े विशेष महत्व रखते हैं। कॉटन के कपड़े सबसे उपयुक्त माने जाते हैं। ये कपड़े नमी सोखने में सक्षम होते हैं। लूज फिट कपड़े शरीर को आराम देते हैं। ठंड में परतों में कपड़े पहनना बेहतर होता है। इससे तापमान नियंत्रित रहता है। गर्म कपड़ों का चुनाव मौसम के अनुसार करना चाहिए। सर्दियों में हल्के गर्म कपड़े उपयुक्त रहते हैं। बहुत भारी कपड़े नींद में खलल डाल सकते हैं। कपड़े साफ और मुलायम होने चाहिए। यह त्वचा के लिए भी लाभदायक रहता है। सही कपड़े चुनना बेहतर नींद की कुंजी है।

## रोजाना खाना चाहिए एक अंडा, मगर खाने का सही समय क्या है सुबह या शाम...?

अंडे को संपूर्ण आहार माना जाता है क्योंकि इसमें विटामिन सी को छोड़कर लगभग सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। पोषण विशेषज्ञ और डॉक्टर रोजाना एक अंडा खाने की सलाह देते हैं। अंडे खाने से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और कई पोषक तत्वों की कमी दूर होती है। कई लोगों के मन में सवाल रहता है कि अंडे खाने का सबसे अच्छा समय क्या है।



**अंडा जिंक का एक बेहतरीन स्रोत** : अंडे जिंक का एक बेहतरीन स्रोत हैं। जिंक श्वेत रक्त कोशिकाओं के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करता है। जिंक खांसी और जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। पुरुषों में यह यौन क्षमता बढ़ाने में मददगार साबित होता है।

**मांसपेशियों के लिए फायदेमंद** : अंडे में मौजूद मैग्नीशियम मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है। यह मांसपेशियों के दर्द को कम करने में सहायक होता है। नियमित रूप से अंडे का सेवन मांसपेशियों को मजबूत और स्वस्थ बनाता है। अंडे में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है जो मांसपेशियों के निर्माण के लिए आवश्यक है।

**अंडे से मिलता है भरपूर आयरन** : अंडे आयरन का भी एक बेहतरीन स्रोत हैं। आयरन हीमोग्लोबिन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह रक्त की मात्रा बढ़ाने में सहायक होता है। अंडे का नियमित सेवन एनीमिया की समस्या को दूर करने में मददगार साबित होता है।

**ऊर्जा के स्तर में सुधार** : अंडे खाने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिलता है। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और व्यक्ति सक्रिय रहता है। शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ने से थकान और सुस्ती कम होती है। अंडे का सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है।

**वजन घटाने में भी लाभदायक** : अंडे खाने के बाद लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। इससे व्यक्ति कम भोजन खाता है। यह वजन कम करने में सहायक साबित होता है। रोजाना की डाइट में अंडे को शामिल करने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं।

**सही समय का रखें ध्यान** : वैज्ञानिकों के अनुसार सुबह के समय अंडे खाने के सबसे अधिक फायदे हैं। खासकर सुबह व्यायाम करने के बाद अंडे खाने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। इससे व्यक्ति पूरे दिन सक्रिय रहता है। जो लोग दिनभर शारीरिक मेहनत करते हैं उनके लिए सुबह अंडे खाना विशेष लाभकारी होता है।

## सर्दियों में बीमारियों को दूर करने बनाएं आंवले की खट्टी-मिट्ठी लौंजी

सर्दियों के मौसम में बाजार में ताज़ा आंवला खूब मिलता है और लोग इसे अलग-अलग तरीकों से खाने का शौक रखते हैं। आमतौर पर आंवला का अचार, मुरब्बा और चटनी तो हर घर में बनती है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि आम की तरह आंवला की खट्टी-मीठी लौंजी भी बेहद स्वादिष्ट और सेहतमंद होती है। यह विटामिन सी सहित कई पोषक तत्वों से भरपूर होाा है और प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने में मदद करती है। इसे पराठे या पूरी के साथ सर्व किया जा सकता है और यह 2 से 3 दिन तक आराम से सुरक्षित रहती है।

**शरीर के लिए बेहद फायदेमंद** : हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार आंवला ना केवल इम्युनिटी मजबूत करता है बल्कि यह बालों, त्वचा, हार्ट हेल्थ, शुगर नियंत्रण और लिवर की सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें मौजूद एंटी-एजिंग प्रॉपर्टीज आंखों की सेहत में भी सहायक मानी जाती हैं। आंवला की लौंजी खासतौर पर सौंफ, धनिया जैसे पोषक मसालों और गुड़ के इस्तेमाल से और भी पौष्टिक बन जाती है। गुड़ इसमें मिठास के साथ तासीर को बैलेंस करने का काम करता है।

**लौंजी के लिए आवश्यक सामग्री** : आंवला – 250 ग्राम। लाल मिर्च पाउडर – 1 छोटा चम्मच। हरी मिर्च – 2 से 3। हल्दी – चम्मच। हींग – एक चुटकी। धनिया पाउडर – 2 चम्मच। सौंफ – 1 चम्मच। सरसों के दाने – 1 छोटा चम्मच। नमक – स्वादानुसार। तेल – आवश्यकता अनुसार। गुड़ थोड़ा सा (छोटे टुकड़े)।



**लौंजी बनाने की विधि** : सबसे पहले आंवला को अच्छी तरह धोकर उबाल लें या स्टीम में पकाएं। ठंडा होने पर गुठली निकालकर टुकड़ों में काटें और हल्का मैश कर लें। पैन में तेल गरम करें और राई, जीरा व हरी मिर्च का तड़का लगाएं। मसालों में धनिया पाउडर, सौंफ, हींग, हल्दी और नमक डालकर भूनें। अब इसमें उबला और मैश किया हुआ आंवला डालकर कुछ देर चलाएं और भूनें। थोड़ा पानी डालकर ढककर 2–3 मिनट पकने दें। ढक्कन खोलकर गुड़ डालें और पिघलने पर गैस बंद कर दें। तैयार लौंजी पर मसालों और गुड़ की परफेक्ट कोटिंग दिखने लगे तो यह सर्व करने के लिए तैयार है।

कार्नर न्यूज

एक्सपर्ट ने दी यह महत्वपूर्ण चेतावनी

# सिंघाड़ा खाने का सही तरीका: कच्चा खाना पड़ सकता है भारी, किडनी पर होता है बुरा असर

सर्दियों के मौसम में सिंघाड़ा एक लोकप्रिय फल है। यह विटामिन बी सिक्स और पोटैशियम से भरपूर होता है। अधिकतर लोग इसे कच्चा या उबालकर खाना पसंद करते हैं। पोषण विशेषज्ञ डॉक्टरों ने एक महत्वपूर्ण सलाह दी है। उन्होंने सिंघाड़े को कच्चा खाने के खतरों के बारे में बताया। कच्चे सिंघाड़े में ऑक्सलेट नामक तत्व पाया जाता है। यह किडनी में पथरी का कारण बन सकता है। इसलिए सिंघाड़े को कभी भी कच्चा नहीं खाना चाहिए। उबालकर या भूनकर खाना सुरक्षित विकल्प है।



### कच्चे सिंघाड़े के स्वास्थ्य जोखिम

कच्चे सिंघाड़े में ऑक्सलेट और टैनिन जैसे एंटी न्यूट्रिएंट्स होते हैं। ऑक्सलेट किडनी स्टोन की समस्या को बढ़ावा दे सकता है। टैनिन शरीर में प्रोटीन और आयरन के अवशोषण में बाधा डालता है। इससे पोषक तत्वों का लाभ नहीं मिल पाता है। कच्चा सिंघाड़ा पाचन तंत्र के लिए भी समस्या पैदा कर सकता है। इससे पेट दर्द और गैस की शिकायत हो सकती है। संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए विशेषज्ञ कच्चे सिंघाड़े खाने से मना करते हैं।

### सिंघाड़ा खाने के सही तरीके

सिंघाड़े को हल्का उबालकर खाना सबसे अच्छा विकल्प है। भूनकर खाने से भी इसके पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। कुछ लोग इसका हलवा बनाकर भी खाते हैं। यह स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प है। सिंघाड़े का अचार और अंकुरित रूप भी पौष्टिक होता है। उबालने से हानिकारक तत्व नष्ट हो जाते हैं। पोषक तत्व शरीर के लिए उपयोगी

### सिंघाड़े के पोषण लाभ

सिंघाड़ा मैग्नीशियम और कैल्शियम का अच्छा स्रोत है। इसमें मौजूद पोटैशियम हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। यह रक्तचाप को नियंत्रित रखने में मदद करता है। वजन घटाने के लिए भी यह उपयोगी है। सिंघाड़े में मौजूद फाइबर भूख को नियंत्रित करता है। इससे अनहेल्दी खाने की इच्छा कम होती है। एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। यह मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए संपूर्ण लाभ प्रदान करता है।



### सर्दियों में सिंघाड़े का महत्व

सिंघाड़ा सर्दियों का सुपरफूड माना जाता है। यह शरीर को ऊर्जा और पोषण प्रदान करता है। ठंड के मौसम में यह विशेष रूप से लाभकारी होता है। इसका नियमित सेवन स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

### संतुलित मात्रा में ही सेवन लाभदायक

सिंघाड़े को संतुलित मात्रा में ही खाना चाहिए। अधिक मात्रा में सेवन नुकसानदायक हो सकता है। सही तरीके से तैयार करके खाने पर ही इसके लाभ मिलते हैं। यह सर्दियों का एक स्वास्थ्यवर्धक आहार है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फिल्मों में लड़कियों को नहीं करेंगे किस जॉर्ज क्लूनी ने इसलिए लिया फैसला



हॉलीवुड के जाने माने एक्टर जॉर्ज क्लूनी ने अपने एक्टिंग करियर में एक बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने एलान किया है कि वह फिल्मों में लड़कियों के साथ किसिंग सीन नहीं करेंगे। 64 साल के अभिनेता क्लूनी ने जानकारी दी है कि उन्होंने यह फैसला अपनी पत्नी अमाल क्लूनी से बातचीत के बाद लिया है। जॉर्ज क्लूनी ने कहा 'मैं पॉल न्यूमैन वाली राह पर चलने की कोशिश कर रहा हूं। अब मैं किसी लड़की को किस नहीं करूंगा। जब मैं 60 साल का हुआ, तो अपनी पत्नी से बात की। मैंने कहा- मैं अब भी 25 साल के लड़कों के साथ बास्केटबॉल खेल सकता हूं। मैं फिट हूं। लेकिन 25 साल बाद मैं 85 का हो जाऊंगा। कितने भी ग्रेनोला बार खा लूं लेकिन यही सच है।' जॉर्ज क्लूनी ने पहले भी इस तरह की बातें की थीं। इस साल मार्च में उन्होंने कहा था कि वह रोमांटिक फिल्मों से दूर हो रहे हैं। 60 मिनट्स से बातचीत में उन्होंने कहा था 'मैं 63 साल का हूं। मैं 25 साल के लीडिंग मैन से कंपटीशन नहीं करना चाहता। ये मेरा काम नहीं है। मैं अब रोमांटिक फिल्में नहीं कर रहा।' अपने कॅरियर की शुरुआत को याद करते हुए, एक्टर ने बताया कि एक बार एक निर्देशक को उनकी ऑन स्क्रीन किसिंग पसंद नहीं आई थी। इसलिए उन्होंने उनकी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था। 'मुझे याद है, करियर के शुरुआत में मुझे एक किसिंग सीन करना था।

### टॉलीवुड

## सामंथा के साथ हुई बदसलूकी पर दोस्त चिन्मयी श्रीपदा का फूटा गुस्सा



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु हाल ही में हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट के दौरान जिस तरह भीड़ में घिर गईं, उसने एक बार फिर से सेलिब्रिटी सेफ्टी और क्राउड मैनेजमेंट पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के बाद सिंगर और वॉयस आर्टिस्ट चिन्मयी श्रीपदा ने खुलकर नाराज़गी जाहिर की और सोशल मीडिया के ज़रिये अपना गुस्सा सामने रखा। हैदराबाद में एक स्टोर ओपनिंग के दौरान सामंथा की मौजूदगी की खबर फैलते ही सैकड़ों लोग वहां उमड़ पड़े। हालात इतने बेकाबू हो गए कि अभिनेत्री को चलने तक में दिक्कत होने लगी। वायरल वीडियो में देखा गया कि सामंथा की टीम उन्हें घेरकर किसी तरह कार तक पहुंचाने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान कई बार उनका संतुलन बिगड़ा और वह फिसलती भी नजर आईं। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा सामंथा के टीम मेंबर आर्या को लेकर हुई, जो भीड़ से उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे थे। इसी को लेकर चिन्मयी श्रीपदा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह आर्या अपने पूरे शरीर से सामंथा को बचा रहे थे, उससे साफ है कि उन्हें भी चोटें आई होंगी। चिन्मयी ने लिखा कि सैकड़ों लोगों की बेकाबू भीड़ को संभालना किसी अभिनेत्री का काम नहीं है। यह न सिर्फ आयोजकों की जिम्मेदारी है, बल्कि वहां मौजूद हर व्यक्ति की भी नागरिक जिम्मेदारी बनती है कि वह बुनियादी शालीनता का पालन करे। चिन्मयी श्रीपदा ने इस घटना को महज एक हादसा मानने से इनकार करते हुए सीधे तौर पर मिसमैनेजमेंट और लोगों की सिविक सेंस की कमी को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना था कि जब किसी इवेंट में किसी बड़ी हस्ती के आने की जानकारी पहले से होती है, तो सुरक्षा के इंतज़ाम भी उसी स्तर के होने चाहिए। उन्होंने यह भी इशारा किया कि महिलाओं के साथ इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और हर बार इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है, जब तक कि कोई बड़ा हादसा न हो जाए। सामंथा की यह घटना कोई पहली नहीं है।

### भोजपुरी

## परिणय सूत्र में बाल विवाह और दोस्ती की कहानी



रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'परिणय सूत्र' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म बाल विवाह को दिखाती है। इसके साथ ही दोस्ती की मिसाल भी पेश करती है। फिल्म का ट्रेलर बी4यू भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसमें दो सहेलियों की कहानी है। एक सहेली के किरदार में रानी चटर्जी हैं और दूसरी सहेली तनुश्री हैं। तनुश्री की दो बेटियां हैं और रानी चटर्जी का एक बेटा है। दोनों सहेलियां मिलकर अपने बच्चों की शादी कराने का फैसला करती हैं। रानी चटर्जी अपने बेटे की शादी तनुश्री की बेटी से करती हैं और यह बाल विवाह होता है। तनुश्री का परिवार इस शादी के खिलाफ होता है। गौना होने तक तनुश्री को अपनी सहेली यानी रानी के खिलाफ भड़का दिया जाता है। तनुश्री के परिवार वाले कहते हैं कि शादी उसकी दो लड़कियों पर दया दिखाने के लिए की गई है, क्योंकि वे गरीब परिवार से हैं। गलतफहमियों की वजह से रानी और तनुश्री की दोस्ती का रिश्ता टूट जाता है। मगर फिल्म में एक हादसा होता है। इसके बाद एक ट्विस्ट आता है। दरअसल, हादसे में रानी चटर्जी की सहेली तनुश्री की मौत हो जाती है। ऐसे में रानी चटर्जी तनुश्री की बेटी को अपनाती हैं या क्या होता है? यह ट्रेलर के क्लाइमैक्स में देखने को मिलेगा, जिसकी दर्शकों ने तारीफ की है। इस ट्रेलर को यूट्यूब पर दो लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। ट्रेलर में इमोशन भी है, हंसी-मजाक के साथ ड्रामा भी भरपूर है। फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है, जबकि कहानी अरबिंद कहानी की है।

---

### लाइफ स्टाइल

### भाग्यश्री ने साड़ी में दिखाया ग्लैमर

फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर जैसे ही एंट्री मारी भाग्यश्री ने तो उनका नूर छा गया। वो आगे-आगे साड़ी में सुदंरता दिखाती नजर आईं। तो पीछे-पीछे एक्ट्रेस की बेटी भी भाई संग पहुंच गई। भाग्यश्री की बेटी अवंतिका ने देसी लुक की जगह स्टाइलिश अंदाज दिखाया। कंधे दिखाती चमचमाती ड्रेस में वो ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आईं। पर भाग्यश्री ने साड़ी में ग्रेसफुल लुक दिखाकर बता दिया कि बिना ग्लैमर का तड़का लगाए भी स्टनिंग लुक लिया जा सकता है।




## सर्दियों में इन तरीकों से पहनें साड़ी, ठंड से रहेंगे सुरक्षितऔर दिखेंगी स्टाइलिश

साड़ी भारतीय महिलाओं के का सबसे पसंदीदा पारंपरिक है, जो खूबसूरती को निखारता है। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए साड़ी पहनने का तरीका थोड़ा अलग होता है। इस मौसम में ऐसे साड़ी पहननी चाहिए, जिसमें न तो ठंड महसूस हो और न ही स्टाइल से समझौता करना पड़े। आज के फैशन टिप्स में हम आपको बताएंगे कि आप सर्दियों में किस तरह साड़ी पहनकर ठंड से बचाव कर सकती हैं।

**ब्लेजर को ब्लाउज की तरह पहनें :** सर्दियों में कॉटन आदि के कपड़े वाले ब्लाउज पहनना सही नहीं होता। इनके बजाय आप साड़ी के नीचे ब्लेजर पहन सकती हैं। यह न केवल आपको गर्म रहने में मदद करेगा, बल्कि आपके लुक को भी खास बना देगा। आप एक सादा ब्लेजर चुन सकती हैं, लेकिन अगर उसमें हल्की कढ़ाई हो तो वह और भी खूबसूरत लगेगा। इसके साथ पल्लू की प्लीट्स बनाएं और उसे स्कार्फ की तरह लपेट लें।



**मोटे कपड़े वाला पेटीकोट चुनें :** साड़ी के नीचे पहनने वाला पेटीकोट भी आपको ठंड से बचा सकता है। इस मौसम में मोटे कपड़े का पेटीकोट चुनना बेहतर होता है, क्योंकि यह आपको अतिरिक्त गर्माहट दे सकता है। आप ऊनी कपड़े वाले पेटीकोट का चयन कर सकती हैं, जो आपके लिए सबसे ज्यादा आरामदायक रहेगा। इसके अलावा मोटे कपड़े का पेटीकोट पहनने से साड़ी भी सही तरीके से बैठती है और आपको शानदार लुक मिल सकता है।

### भारी कढ़ाई वाली साड़ी चुनें

अगर आप सर्दियों में साड़ी पहनने जा रही हैं तो भारी कढ़ाई वाली साड़ी चुनना बेहतर होता है। ये साड़ियां न केवल आपको गर्म रख सकती हैं, बल्कि आपके लुक को भी खास बना सकती हैं। आप बनारसी, कांजीवरम या फिर अन्य सिल्क की साड़ियों का चयन कर सकती हैं, जिनपर हल्की कढ़ाई हो। इन साड़ियों की चमक और डिजाइन आपके लुक को और आकर्षक बनाएगी और इनका मोटा कपड़ा ठंड से बचाएगा।

### ऊनी साड़ियों का चयन करें

सर्दियों में आपको ऊनी कपड़े वाली साड़ियां ही पहननी चाहिए, जो इन दिनों चलन में भी हैं। ऊन से बनी होने के कारण ये शरीर को गर्म रखेंगी और आपके शरीर की गर्मी को भी रोककर रखेंगी। आप चाहें तो इसके ऊपर से ऊनी शॉल भी लपेट सकती हैं, जो अतिरिक्त गर्मी और स्टाइल प्रदान करेगी। इस तरह की साड़ी के साथ मिलने वाला ब्लाउज भी ऊनी कपड़े से ही बना होता है।

---

## अपनी शादी के लहंगे को दोबारा पहनने के लिए इन तरीकों को अपनाएं

### फैशन



शादी का दिन हर लड़की के जीवन का सबसे खास दिन होता है। इस दिन पहने जाने वाला लहंगा न केवल खूबसूरत होता है, बल्कि उसमें बहुत सारी यादें भी जुड़ी होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप अपने शादी के लहंगे को कई बार अलग-अलग तरीकों से पहन सकती हैं? आइए आज हम आपको कुछे ऐसे आसान और क्रिएटिव तरीके बताते हैं, जिनसे आप अपने शादी वाले लहंगे को दोबारा पहन सकती हैं।

**लहंगे के ब्लाउज को साड़ी के साथ पहनें :** अगर आपके पास एक भारी कढ़ाई वाला लहंगा है तो आप उसके ब्लाउज को अपनी किसी साड़ी के साथ पहन सकती हैं। इस तरह से न केवल आपका लहंगा नया लुक देगा, बल्कि उसे दोबारा पहनने का एक नया तरीका भी मिल जाएगा। इस तरीके से आप अपने लहंगे को किसी खास मौके पर पहन सकती हैं। इसके साथ साड़ी के साथ की ज्वेलरी पहनें, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**लहंगे की स्कर्ट को कुर्ते के साथ पहनें :** अगर आपका लहंगा बहुत भारी है और आप उसे रोजमर्रा में नहीं पहन सकतीं तो उसकी स्कर्ट को एक साधारण कुर्ते के साथ मिलाकर पहनें। इस तरह से आपका लहंगा एक नई पहचान पाएगा और आप इसे आसानी से पहन सकेंगी। इसके साथ एक हल्का दुपट्टा लें, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इस तरीके से आप अपने पुराने लहंगे को नए अंदाज में पहन सकती हैं और उसे दोबारा इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लहंगे के ब्लाउज को जींस के साथ पहनें :** अगर आप अपने लहंगे को रोजमर्रा में पहनना चाहती हैं तो उसके ब्लाउज को जींस के साथ मिलाकर पहन सकती हैं। यह एक बहुत ही आधुनिक और स्टाइलिश तरीका है, जिससे आपका लुक बेहद खास लगेगा। इसके साथ एक हल्का जैकेट या शॉल लें, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा। इस तरह आप अपने पुराने लहंगे को नए अंदाज में पहन सकती हैं और उसे दोबारा इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लहंगे के पल्लू को दुपट्टे की तरह लें :** अगर आपके पास एक बड़ा पल्लू बचा हुआ है तो उसे दुपट्टे की तरह लेकर पहन सकती हैं। यह तरीका न केवल आपके लहंगे को नया लुक देगा, बल्कि उसे दोबारा इस्तेमाल करने का एक आसान तरीका भी होगा। इस तरह से आप अपने पुराने लहंगे को नए अंदाज में पहन सकती हैं और उसे दोबारा इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके साथ एक हल्का ब्लाउज या कुर्ता पहनें, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

---

## डेनिम जैकेट के साथ इन कपड़ों का करें चयन, दिखेंगी स्टाइलिश, मिलेगा आराम

सर्दियों में डेनिम जैकेट एक बेहतरीन विकल्प है क्योंकि यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाती है। सही कपड़ों के साथ डेनिम जैकेट पहनने से आपका लुक और भी खास बन सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे कपड़ों के बारे में बताएंगे, जिन्हें डेनिम जैकेट के साथ पहनकर आप सर्दियों में भी स्टाइलिश दिख सकते हैं और आराम महसूस कर सकते हैं।

**ऊनी स्वेटर या स्वेटशर्ट के साथ पहनें :** ऊनी स्वेटर या स्वेटशर्ट के साथ डेनिम जैकेट पहनना एक अच्छा विचार है। यह न केवल आपको ठंड से बचाता है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। आप नीले या काले रंग की डेनिम जैकेट को ग्रे या सफेद रंग के ऊनी स्वेटर या स्वेटशर्ट के साथ पहन सकते हैं। यह मेल आपको एक स्मार्ट और आकर्षक लुक देगा, जिससे आप कहीं भी जाएं, वहां स्टाइलिश दिखेंगी।



### फ्लेनल शर्ट के साथ बनाएं मेल

फ्लेनल शर्ट के साथ डेनिम जैकेट पहनना भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। फ्लेनल शर्ट की नरमाई और डेनिम जैकेट की मजबूती का मेल आपके लुक को खास बना सकता है। आप लाल या हरे रंग की फ्लेनल शर्ट को नीली डेनिम जैकेट के साथ पहनकर एक आकर्षक लुक पा सकते हैं। यह मेल न केवल आरामदायक है बल्कि आपको ठंड से भी बचाता है, जिससे आप सर्दियों में भी स्टाइलिश दिखेंगी।

---

## बहुत स्टाइलिश लुक देती है बीनी टोपी, इसे इन तरीकों से पहनें तो लगेंगी बेहद सुंदर

सर्दियों में जो टोपी सबसे ज्यादा पसंद की जाती है, वह बीनी ही है। यह ऊनी टोपी न केवल सिर को गर्म रखती है, बल्कि यह पूरे लुक को भी खास बना सकती है। सही तरीके से बीनी टोपी पहनने पर आप न केवल ठंड से बच सकती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिख सकते हैं। इस लेख में हम आपको बीनी को स्टाइल करने के 4 फैशन टिप्स देंगे। इन्हें अपनाने पर सभी आपकी तारीफ करेंगे और प्रेरणा लेंगे।

**जींस और स्वेटर के साथ पहनें :** जींस और स्वेटर के साथ बीनी कैप एक बढ़िया आउटफिट हो सकता है। अपने स्वेटर और जींस के रंग के हिसाब से ही बीनी टोपी का चुनाव करें। इससे रंगों का सही मेल मिलेगा और आपका आउटफिट भड़कीला नहीं लगेगा।



आप गहरे रंगों वाले स्वेटर के साथ काली, भूरी या मेहरून बीनी पहन सकती हैं। इसके अलावा हल्के रंगों वाले स्वेटर और जींस के साथ सफेद, गुलाबी या नीली बीनी पहनें।

**जैकेट के साथ स्टाइल करें :** जैकेट के साथ बीनी टोपी पहनना एक स्मार्ट लुक प्रदान कर सकता है। अगर आप किसी औपचारिक या अर्ध-औपचारिक अवसर पर जा रही हैं तो काले रंग की जैकेट के साथ ग्रे या नीले रंग की बीनी बहुत अच्छी लगेगी। यह मेल आपको पेशेवर और स्टाइलिश दिखा सकता है। इसके अलावा आप इसे अलग-अलग तरह की जैकेट के साथ भी पहन सकती हैं, जैसे कि लेदर जैकेट या डेनिम जैकेट।

**आपने ड्रेस के साथ पेयर करें :** ड्रेस के साथ बीनी टोपी पहनना एक नया फैशन ट्रेंड बन गया है। खासकर अगर आप सादी ड्रेस पहन रही हैं तो विपरीत रंग की बीनी टोपी आपके लुक को खास बना सकती है। उदाहरण के लिए, लाल रंग की ड्रेस के साथ काली या ग्रे बीनी बहुत अच्छी लगती है। इसके अलावा आप अलग-अलग तरह की प्रिंटेड ड्रेस के साथ भी बीनी टोपी पहन सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी आकर्षक लगेगा।

---

### कार्नर न्यूज

### खुद को गर्म रखने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखना भी जरूरी

## ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए पुरुष पहन सकते हैं ब्लॉक प्रिंट वाले स्कार्फ

ठंड के मौसम में पुरुषों के लिए खुद को गर्म रखने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखना भी जरूरी है। ब्लॉक प्रिंट वाले स्कार्फ इस काम में मदद कर सकते हैं। ये न केवल आपको ठंड से बचाते हैं, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ के बारे में बताएंगे, जो आपके अलमारी का हिस्सा बन सकते हैं और ठंडे मौसम में आपको स्टाइलिश बनाएंगे।



### सूती ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ

सूती ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ सबसे आरामदायक होते हैं। ये हल्के होते हैं और आसानी से लिपटे जा सकते हैं, जिससे आपको ठंड से बचाव मिलता है। इनकी खासियत यह है कि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं, जिससे पसीना नहीं आता। आप इन्हें किसी भी कपड़े के साथ पहन सकते हैं, चाहे वह कुर्ता-पायजामा हो या जैकेट।

### ऊनी ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ

ऊनी ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ ठंडे मौसम में सबसे ज्यादा गर्माहट प्रदान करते हैं। इनका मोटा कपड़ा ठंडी हवा को रोकता है और आपको गर्म रखता है। ऊनी स्कार्फ खासकर सर्दियों में बहुत उपयोगी होते हैं क्योंकि ये लंबे समय तक गर्माहट प्रदान करते हैं। आप इन्हें कोट या जैकेट के साथ पहन सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक बनता है।

### कश्मीरी ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ

कश्मीरी ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ सबसे महंगे और बेहतरीन होते हैं। कश्मीरी ऊन से बने ये स्कार्फ बहुत ही मुलायम होते हैं और लंबे समय तक टिकाऊ रहते हैं। इनकी खासियत यह है कि ये ठंडी हवा को रोकते हुए आपको गर्म रखते हैं। कश्मीरी स्कार्फ की डिजाइन भी बहुत आकर्षक होती है, जिससे आपका लुक और भी खास बनता है। आप इन्हें किसी भी प्रकार की पोशाक के साथ पहन सकते हैं, जिससे आपका स्टाइल और भी निखरता है।



### रेशमी ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ

रेशमी ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि बहुत सुंदर भी दिखते हैं। रेशम का मुलायम कपड़ा आपके गले और सिर को आराम देता है। इसे आप किसी भी प्रकार की पोशाक के साथ पहन सकते हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। रेशम स्कार्फ की खासियत यह है कि ये हल्के होते हैं और आसानी से लिपटे जा सकते हैं, जिससे आपको ठंड से बचाव मिलता है।

### लिनन ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ

लिनन ब्लॉक प्रिंट स्कार्फ गर्मियों में भी उपयोगी हो सकते हैं। लिनन का हल्का कपड़ा पसीना सोखता है और आपको ठंडक देता है। इसे आप किसी भी प्रकार की पोशाक के साथ पहन सकते हैं। लिनन स्कार्फ की खासियत यह है कि ये आसानी से धोए जा सकते हैं और जल्दी सूख जाते हैं, जिससे उनका रखरखाव आसान होता है। इन सभी विकल्पों में से आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकते हैं।